उज्जैन
मंगलवार
28
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-174
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



साउथ एक्ट्रेस पर लगे धोखाधड़ी के आरोप एनआरआई से शादी के नाम पर ठगे 9.35 करोड़ कहा- गलत खबर फैलाने वालों के खिलाफ लीगल एक्शन लेंगे

पेज- 8

## लद्दाख में पांच नए जिलों की घोषणा, अब होंगे सात जिले

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पांच नए जिलों के गठन की अधिसूचना को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के साथ ही लद्दाख में जिलों की संख्या बढ़कर दो से सात हो जाएगी। उपराज्यपाल ने इसे लद्दाख के लिए ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि यह निर्णय लंबे समय से लंबित स्थानीय मांगों और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। नए जिलों में नुब्रा, शाम, चांगथांग, जांस्कर और द्रास शामिल हैं, जिनसे दूर-दराज के क्षेत्रों में प्रशासन की पहुंच और बेहतर होगी।

## बिरयानी खाई, फिर तरबूज खाते ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**मुंबई।** मायानगरी मुंबई के पायधुनी इलाके में एक ही परिवार के चार लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना पायधुनी क्षेत्र की घाटी गली में स्थित मुगल बिल्डिंग में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार 25 अप्रैल की रात परिवार के कुल 9 सदस्यों ने रात करीब 10:30 बजे साथ में खाना खाया था। खाना खाने के बाद रिश्तेदार अपने-अपने घर लौट गए. देर रात करीब 1 बजे से 1:30 बजे के बीच मृतक परिवार के चारों सदस्यों ने तरबूज खाया। इसके बाद सुबह चारों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक परिवार ने रात के खाने में सबके साथ बिरयानी खाई थी और उसके बाद तरबूज खाया था।

## भाजपा मंत्री नितेश राणे को एक महीने जेल की सजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे को सिंधुदुर्ग कोर्ट ने इंजीनियर पर कीचड़ फेंकने के



मामले में एक महीने की जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधि कानून अपने हाथ में नहीं ले सकते। हालांकि, बाद में सजा पर रोक लगाते हुए उन्हें हाईकोर्ट में अपील करने का समय दिया गया है। इस मामले में बाकी 29 आरोपियों को बरी कर दिया गया। दरअसल, मामला 4 जुलाई 2019 का है। उन्होंने एनएचएआई के सब-डिविजनल इंजीनियर प्रकाश शेडेकर को मुंबई-गोवा हाईवे चौड़ीकरण के काम का निरीक्षण करने के लिए बुलाया था।

## दूसरे चरण का प्रचार खत्म, 142 सीटों पर वोटिंग कल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। दूसरे चरण की वोटिंग के लिए प्रचार सोमवार शाम को खत्म हो गया। बुधवार को होने वाला मतदान चुनाव की दिशा और सत्ता का रास्ता तय करेगा। ममता बनर्जी ने प्रचार के आखिरी घंटों में दक्षिण कोलकाता में रोड शो किया। सुकांत सेतु से गोपालनगर क्रॉसिंग तक समर्थकों की भीड़ के बीच 6 किमी लंबे रोड शो में ममता पैदल चलीं। इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बेहाला में एक जनसभा में कहा कि बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद भी केंद्रीय बल कम से कम सात दिन तक तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा, 29 अप्रैल को मतदान करें, गुंडों से डरने की जरूरत नहीं है। चुनाव आयोग ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। भले ही भाजपा सत्ता में आए, केंद्रीय बल यहां सात दिन तक बने रहेंगे।

### उत्तरप्रदेश में गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए

# बांदा शहर दुनिया में सबसे गर्म

## पारा 47.6 डिग्री, 6 शहरों में तापमान 46 डिग्री पार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली/लखनऊ

उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। बांदा 47.6 डिग्री तापमान के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। यहां इससे पहले 30 अप्रैल 2022 और 25 अप्रैल 2026 को सबसे ज्यादा 47.4 डिग्री तापमान का रिकॉर्ड था।

राजस्थान के जैसलमेर में 46.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। यहां अब तक सबसे ज्यादा तापमान 18 अप्रैल 2025 में 46.3 डिग्री था। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46 डिग्री पहुंच गया, जो पिछले 10 साल के दौरान सबसे ज्यादा है। इससे पहले एक दशक में यहां इतना तापमान दर्ज नहीं हुआ।

जैसलमेर और खजुराहो के अलावा देश के कुल 6 शहरों में पारा 46 डिग्री या उससे पार रहा। इनमें





बाड़मेर (46डिग्री), वर्धा (46.5डिग्री), अमरावती (46.6डिग्री) और अकोला (46.3डिग्री) शामिल हैं। दिल्ली में बसों में ठंडा पानी रखा जाएगा, जबकि बस स्टॉप पर मुफ्त ठंडा पानी और ओआरएस मिलेगा। देश में बढ़ती गर्मी और हीटवेव के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### जबलपुर संभाग का रिजल्ट बना शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल

# 10 बच्चों पर 8 टीचर फिर भी 10 में से 9 फेल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ जबलपुर

मध्य प्रदेश में 15 अप्रैल 2026 को घोषित 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम के बीच एक सरकारी स्कूल का चौंकाने वाला रिजल्ट सामने आया है, जिसने पूरी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जबलपुर संभाग के छिंदवाड़ा जिले के एक सरकारी स्कूल में 10 छात्रों को पढ़ाने के लिए प्रिंसिपल समेत कुल 8 शिक्षक तैनात थे, लेकिन इसके बावजूद 10वीं कक्षा में केवल एक छात्र ही पास हो सका। इस परिणाम ने न केवल अभिभावकों बल्कि शिक्षा विभाग को भी हैरान कर दिया है और सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता पर बहस तेज कर दी है। जबलपुर संभाग में सामने आए इस चौंकाने वाले परिणाम ने केवल स्कूल स्तर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ-साथ संभाग स्तर पर पदस्थ संयुक्त संचालक की भूमिका पर भी अब गंभीर चर्चा शुरू हो गई है। शिक्षकों की कमी नहीं होने के बावजूद परिणाम बेहद खराब रहना निगरानी और शैक्षणिक प्रबंधन की कमजोरियों को उजागर करता है। जानकारी के अनुसार, छिंदवाड़ा कलेक्टर कार्यालय के समीप संचालित जवाहर कन्या स्कूल में 10वीं कक्षा में कुल 10 छात्र-छात्राएं नामांकित थे। इन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए अलग-अलग विषयों के 6 शिक्षक, एक प्रिंसिपल और एक लैब टेक्नीशियन तैनात थे। यानी लगभग हर एक-दो छात्र पर एक शिक्षक की उपलब्धता थी, जो किसी भी स्कूल के लिए आदर्श स्थिति मानी जाती है।

# बिजली बिल के भुगतान का मामला निकायों के पाले में

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

अब उज्जैन के नगर निगम सहित जिले सहित पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों को बिजली के बिल का भुगतान स्वयं के खर्चे से ही करना होगा क्योंकि नगरीय निकायों में बिजली बिल के भुगतान का मामला अब शासन ने निकायों के पाले में डाल दिया है। पूर्व का बकाया और वर्तमान बिल निकायों को स्थानीय स्तर पर जुटाए गए राजस्व से जमा कराना होगा।

इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग का पत्र नगर निगम आयुक्त के साथ ही अन्य निकायों के प्रमुखों के पास आया है। जिसमें कहा गया है कि बिजली बिल भुगतान करने के बाद वितरण कंपनी से एनओसी लेकर विभाग को भेजी जाए। साथ ही कहा गया है कि जिन निकायों की पूरी राशि जमा होगी तो उनका चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में कटौती नहीं की जाएगी। जिन निकायों की ओर से राशि जमा नहीं की जाएगी उनकी चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि रोक दी जाएगी। विभाग की ओर से जारी इस निर्देश ने नगरीय निकायों को मुश्किल में डाल दिया है, क्योंकि बिजली बिल बीते कई वर्षों से शासन के स्तर से ही जमा कराए जाते रहे हैं। जिसमें कुछ हिस्सा निकायों को मिलने वाले चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि के साथ ही शासन की ओर से दिए जाने वाले सहयोग का शामिल होता था। अब

# मशीनों से बनेगा महाकाल का लड्डू प्रसाद

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में मिलने वाला लड्डू प्रसाद अब आधुनिक तकनीक के साथ नए दौर में प्रवेश करने जा रहा है। मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं को बेहतर गुणवत्ता और स्वच्छता युक्त प्रसाद उपलब्ध कराने के लिए अत्याधुनिक मशीनों से लड्डू बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए करीब 40 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है, जबकि 20 करोड़ रुपये की लागत से त्रिवेणी संग्रहालय के पास भोजनशाला अन्न क्षेत्र में एक



आधुनिक लड्डू प्रसाद यूनिट का निर्माण भी किया जा चुका है।

अब तक लड्डू प्रसाद का निर्माण मंदिर से लगभग 8 किमी दूर स्थित चिन्तामणि गणेश मंदिर परिसर में किया जाता था, लेकिन नई यूनिट बनने के बाद यह पूरी प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से उन्नत हो जाएगी। 50 हजार वर्गफुट क्षेत्र में फैली इस यूनिट में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल शामिल हैं, जहां मशीनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर लड्डू तैयार किए जाएंगे।

**खराब हुआ तो लगेगा 25 लाख रुपये तक का जुर्माना**

### मंदिर समिति ने बेहद कड़े नियम तय किए

लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता को लेकर मंदिर समिति ने बेहद कड़े नियम तय किए हैं। सबसे महत्वपूर्ण शर्त यह है कि तैयार लड्डुओं की शेल्फ लाइफ कम से कम 15 दिन होनी चाहिए। यदि इस अवधि से पहले प्रसाद खराब होता पाया गया तो संबंधित कंपनी पर 25 लाख रुपये तक का भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा यदि निर्माण में घटिया या कच्चे माल का उपयोग किया गया तो 5 लाख रुपये का दंड तय किया गया है। वहीं, प्रसाद के पैकेट में वजन कम पाए जाने पर 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इन कड़े प्रावधानों का उद्देश्य केवल एक ही है कि श्रद्धालुओं को हर हाल में शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण प्रसाद मिले।

### बैंक कर्मचारियों ने कहा था- जिसका खाता उसे लेकर आओ

# ओडिशा में बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा शख्स

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ क्योंझर

ओडिशा के क्योंझर में सोमवार को हैरान करने वाला मामला सामने आया। आदिवासी जीतू मुंडा अपनी मरी हुई बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। कंकाल देख बैंक में अफरा-तफरी मच गई।

दरअसल, जीतू अपनी बहन कलारा मुंडा के खाते से 20 हजार रुपए निकालना चाहता था, इसके लिए वह कई बार बैंक भी गया। लेकिन कर्मचारियों ने खाता धारक को लाने को कहा। जीतू बैंक में पहले ही कलारा की मौत की जानकारी दे चुका था। फिर भी उसे कोई मदद नहीं मिली, इससे परेशान होकर उसने कब्र से कंकाल निकालकर



बैंक में पेश किया।

बहन का कंकाल कंधे पर लेकर जीतू करीब 3 किमी पैदल चला। फिर मल्लिपसी में बने ओडिशा ग्रामीण बैंक ब्रांच के बरामदे में कंकाल को रख दिया। इसे देख वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। पुलिस के अनुसार, जीतू अनपढ़ है और कानूनी प्रक्रिया से अनजान था। प्रशासन ने उसे नियम समझाए और जल्द पैसे दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

### कंकाल देखकर बैंक कर्मचारियों ने पुलिस बुलाई

पटना पुलिस के अनुसार, जीतू पढ़ा-लिखा नहीं है। आदिवासी जनजाति का है और कानूनी प्रक्रिया से पूरी तरह अनजान है। स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक (आईआईसी) किरण प्रसाद साहू ने कहा, जीतू को नहीं पता कि कानूनी वारिस या नॉमिनी क्या होता है। बैंक अधिकारी भी उसे मृतक के खाते से पैसे निकालने की प्रक्रिया नहीं समझा पाए। पुलिस ने जीतू मुंडा को आश्वासन दिया कि वे उसकी मृत बहन के बैंक खाते से पैसे निकलवाने में मदद करेंगे। बाद में, पुलिस की मौजूदगी में शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

### आखिर क्यों चाहिए थे जीतू को बहन के खाते में जमा रुपए

डियानाली गांव का रहने वाला जीतू मुंडा जिस महिला का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा, वह उसकी बड़ी बहन कालरा मुंडा थी। कालरा की मौत 26 जनवरी 2026 को हो गई थी। कालरा मुंडा के बैंक खाते में नॉमिनेट पति और बेटे की भी मौत हो चुकी है। इसलिए, उनके नाम पर जमा पैसे का जीतू मुंडा ही एकमात्र दावेदार है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उनके लिए यह राशि बेहद अहम थी और जीवनयापन का सहारा मानी जा रही थी।

## खबर एक नजर...

### बदमाश के पास से मिला 15 इंच लम्बा चाकू

**उज्जैन।** गोपालपुरा ब्रिज के पास बदमाश चाकू दिखाकर लोगों को धमकाकर भय पैदा कर रहा था। रात्रि गश्त पर निकले माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम को लोगों ने सूचना दी तो वह गश्त टीम के साथ गोपालपुरा ब्रिज के पास पहुंचे। बदमाश ने पुलिस वाहन देख भागने का प्रयास किया। जिसे पीछा कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 15 इंच से अधिक लम्बा चाकू बरामद हो गया। एएसआई गौतम ने बताया कि बदमाश से पूछताछ में उसका नाम अमान पिता इलियास खान 20 साल निवासी गांधीनगर पता चला। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। चाकू के साथ नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे ने रात में सूचना मिलने पर राजीव रत्न कालोनी से आनंदीलल पिता रामचंद्र खत्री निवासी आबूखाना कोलूखेड़ी भैरवगढ़ को गिरफ्तार किया। जिसके पास से खटेकदार चाकू बरामद हुआ है। बदमाश किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने भी सर्कल भ्रमण के दौरान संदिग्धों की तलाशी के दौरान जस्सू का ढाबा के पास से सचिन मालवीय निवासी बापूनगर और औद्योगिक क्षेत्र झुग्गी बस्ती से चेतन कुशवाह निवासी भैरू महाराज की गली के पास से चाकू बरामद किया है।

### बिजली के तार जोड़ रहे युवक की करंट लगने से मौत

**उज्जैन।** घर में बिजली बोर्ड में फाल्ट होने तार जोड़ रहे युवक को करंट लगा गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। खबर मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव अस्पताल लाया गया। चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम असलाना से सोमवार दोपहर विजय पिता रामचंदर केवट 20 साल को मृत अवस्था में चरक अस्पताल लाया गया। जहां पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि परिवार मजदूरी करता है। सुबह माता-पिता और भाई मजदूरी पर चले गये थे। विजय घर पर अकेला था, उसी दौरान बिजली बोर्ड में फाल्ट हो गया। विजय ने तार जोड़ने का प्रयास किया उसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हुई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों के बयान और घटनास्थल की जांच के बाद विवेचना शुरू की जायेगी।

### परिवार सुंदरकांड में गया था घर में लग गई आग



**उज्जैन।** सुंदरकांड में शामिल होने गये परिवार के मकान में रविवार-सोमवार रात आग लग गई। आगजनी में पूरे घर का सामान जल गया। घटना का पता चलने पर परिवार लौटकर आया। चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर 90 क्वार्टर क्षेत्र में रहने वाले मनोज कुमार तेजवानी रविवार रात रिश्तेदार द्वारा रखे गये सुंदरकांड में शामिल होने गया था। इसी बीच आधी रात को मकान में अचानक आग लग गई। रात का समय होने पर देरी से घटनाक्रम का पता चला। आसपास के लोगों ने धुआं निकलता देख तेजवानी परिवार को सूचना दी। रात में ही परिवार लौटा और मेनगेट खोला तो घर में रखा इलेक्ट्रिानिक और घूरेल सामान पूरी तरह से जल चुका था। मनोज कुमार ने बताया कि आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। संभवतः बंद मकान में शार्ट सर्किट हुआ होगा। आगजनी में लाखों का नुकसान हुआ है।

---

**आम उपभोक्ता घर के लिए परेशान, होटल वालों को सुलभता से मिल रही**

# गैस टंकी की कमी, एडजस्टमेंट वालों को मिल रही

## दलाल सक्रिय हुए, शादी विवाह में भी अतिरिक्त व्यय पर उपलब्ध करवा रहे

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

गैस टंकी की कमी का असर आम उपभोक्ता पर ज्यादा असर कर रहा है। बाजार में व्यवसायिक उपयोग का काम करने वालों को यह अब दलालों के माध्यम से सुलभता से मिल रही है। यही नहीं एडजस्टमेंट वालों को भी दलाल उपलब्ध करवा रहे हैं। नियमों का बंधन घर की रसोई के लिए भारी पड रहा है। आम उपभोक्ता आर्थिक एडजस्टमेंट को तैयार नहीं हो रहा है और उसे चक्कर लगाने पड रहे हैं। स्थिति यह है कि शादी विवाह के कार्यक्रम में भी अतिरिक्त व्यय पर उपलब्ध हो रही है।



आम आदमी को घर के लिए गैस टंकी मिलना नियमों के दायरे में हो गया है। उसे सभी जगह नियम दिखाए जा रहे हैं। उसके अलावा बाजार में घरेलू टंकियों से व्यवसायिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। पूरे बाजार में अनेकों स्थान पर घरेलू टंकी से व्यवसायिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। इसके लिए दलाल दुकानदारों के संपर्क में हैं और वे नियमों को धता बताकर टंकियों की उपलब्धता करवा रहे हैं।

### शादी विवाह में एडजस्टमेंट से काम चला रहे

विवाह आयोजनों के दौर में आयोजको को टंकी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कारण उन्हें गैस सिलेंडर की व्यवस्था करने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। पहले की तरह आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते अब एडजस्टमेंट के साथ सिलेंडर खरीदना मजबूरी बन गई है। इसके चलते उन्हें व्यवसायिक टंकी से भी अधिक का भूगतान करना पड रहा है। प्रतिदिन ऐसे आयोजक गैस एजेंसियों पर पहुंचकर सिलेंडर की मांग कर रहे हैं। हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद उपभोक्ता को सिलेंडर एडजस्टमेंट में लेना पड रहा है।

### एडजस्टमेंट करना मजबूरी

आयोजनों के लिए एडजस्टमेंट के साथ दलाल से सिलेंडर लेना मजबूरी बन चुका है। सिलेंडर मिलना भी स्टॉक पर निर्भर कर रहा है। यदि एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक है तो मार्केट में सिलेंडर 2250-2500 रुपए तक मिल रहा है। अगर स्टॉक कम हो तो उपलब्धता के हिसाब से गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के बाद इसकी कीमत 3000 से 3500 रुपए तक वसूली जा रही है।

---

# अभिनेत्री निकिता दत्ता ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन में नंदी के कान में कही मनोकामना, बोलीं- यहां जो मिलता है, वह कहीं और नहीं**

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

अभिनेत्री निकिता दत्ता ने उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और नंदी महाराज के कान में अपनी मनोकामना व्यक्त की। महाकाल के दरबार में निकिता दत्ता भक्ति में लीन नजर आईं। उनके माथे पर त्रिपुंड के साथ 'महाकाल' लिखा हुआ था, जो उनकी गहरी आस्था को दशार्ता है। उन्होंने हाथ में कलावा भी बंधवाया और पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न करवाई। अभिनेत्री सादगी भरे अंदाज में सलवार-सूट पहनकर मंदिर पहुंची थीं।

**उज्जैन का यह पहला दौरा-** दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में निकिता दत्ता ने बताया कि यह उनका उज्जैन का पहला दौरा था। उन्होंने कहा कि महाकाल के दरबार में आकर उन्हें गहरी शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उनके अनुसार- ह्ययहां आकर जो महसूस होता है, वह कहीं और नहीं मिलता। अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्हें बहुत अच्छे से दर्शन हुए और महाकाल के साथ समय बिताने का अवसर मिला। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि वह जल्द ही दोबारा उज्जैन आएंगी और उनकी मांगी हुई मनोकामना जल्द पूरी होगी।



### मंदिर की स्वच्छता व्यवस्था से हुईं प्रभावित

- निकिता दत्ता ने मंदिर की स्वच्छता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग सोचते हैं कि मंदिर साफ नहीं होते, लेकिन यहां आकर उन्होंने बेहद स्वच्छ और व्यवस्थित व्यवस्था देखी, जिससे वह काफी प्रभावित हुईं।
- निकिता दत्ता ने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की थी और वह फेमिना मिस इंडिया 2012 की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। उन्होंने फिल्म 'लेकर हम दीवाना दिल' से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने टीवी धारावाहिक 'ड्रीम गर्ल', 'एक दूजे के वास्ते' और 'हासिल' से पहचान बनाई। फिल्म 'कबीर सिंह' में उनकी भूमिका को भी दर्शकों ने सराहा था।

---

# रात 8 बजे से शुरू हुई चौपाल 10 बजे तक चली

## 1 एकड़ में 700 क्विंटल खीरे का उत्पादन ले रहे, वोल्टेज की समस्या बताई

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

जिले की पहली रात्रि चौपाल बड़नगर तहसील के गांव गजनीखेड़ी में मंगलवार को लगाई गई। इसमें कलेक्टर रौशनकुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा और जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट ग्रामीणों से रूबरू हुए।

रात 8 बजे से शुरू हुई चौपाल 10 बजे तक चली। इस दौरान ग्रामीणों ने खेती-किसानी, सड़क, वोल्टेज संबंधी समस्या, अतिक्रमण, नाली निर्माण के संबंध में खुलकर बात की। सबसे पहले खेती-किसानी की बात हुई। किसानों ने कहा कि वे परंपरागत खेती के साथ फलों और फूलों का उत्पादन भी बढ़ा रहे हैं। एक किसान ने कहा- वे एक एकड़ में 700 क्विंटल खीरे की पैदावार कर रहे हैं।

---

# पिछली गर्मी के मुकाबले सन बर्न के 30 प्रतिशत रोगी बढ़े

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

अप्रैल के अंत में पारा रिकॉर्ड तोड़ रहा है और असहनीय गर्मी शरीर को नुकसान पहुंचा रही है। पिछले साल के मुकाबले इस बार की गर्मी से सन बर्न (त्वचा झुलसने) के 30 फीसदी रोगी बढ़े हैं। यदि तापमान और बढ़ा तो इसके रोगियों में भी और इजाफा हो सकता है। सोमवार को शहर का अधिकतम 42.4 और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले साल इसी दिन अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस था यानी इस बार 2 डिग्री ज्यादा है। मौसम विशेषज्ञ भी मानते हैं कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा है और रहेगी। मौसम में गर्माहट ज्यादा होकर देर शाम तक बन रही है। सुबह 10 बजे से ही तपन महसूस हो रही है। दोपहर होते-होते तो घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। जो लोग लापरवाही बरत रहे हैं और गर्मी से बचाव के उपाय नहीं कर रहे हैं, वे सन बर्न व एलर्जी के शिकार हो रहे हैं। उनकी त्वचा झुलस रही हैं। शहर में ऐसे कई रोगी रोजाना स्किन रोग विशेषज्ञों के पास पहुंच रहे हैं। स्किन रोग विशेषज्ञ डॉ. जूजर हुसैन ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार सन बर्न व एलर्जी के 30% रोग बढ़े हैं। तेज धूप में निकलने पर लोग एलर्जी के शिकार हो रहे हैं।

---

# कृषि आदान विक्रेताओं ने जबरन ट्रेनिंग बंद करने, 3% डीलर मार्जिन की मांग की

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

आदान विक्रेता संघ और कृषि आदान संघ से जुड़े कृषि आदान व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी मांगें सामने रखी और कहा कि हमारी एकता, हमारा अधिकार के आधार पर वे दबाव में कराई जा रही ट्रेनिंग के खिलाफ हैं।


व्यापारियों ने जबरन ट्रेनिंग बंद करने और व्यापार को स्वतंत्र करने की मांग करते हुए कहा कि उनकी मांगें हर हाल में पूरी की जाएं।



संघ का कहना है कि डीलर मार्जिन 1.5% स्वीकार नहीं है और 3% उनका हक है। उन्होंने तानाशाही और अत्याचार न सहने की बात कहते हुए संकेत दिया कि यह शुरूआत भर है और आगे आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कृषक मंगलम, व्यापारी मजबूत, राष्ट्र मंगलम और कृषि आदान व्यापारी एकता जिंदाबाद जैसे नारे लगाए गए, साथ ही व्यापार को सरल बनाने की अपील भी की गई।

उज्जैन
मंगलवार
28
अप्रैल, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### सीए के घर 25 लाख की चोरी, 40 घंटे चक्कर काटे, रिपोर्ट नहीं लिखी

**इंदौर।** एक कॉल पर तुरंत पहुंचने और किसी भी घटना में 10 से 15 मिनट के रिस्पांस टाइम के दावे करने वाली इंदौर पुलिस का दूसरा पहलू भी सामने आया है। एरोड्रम क्षेत्र के कालानी नगर में सीए यश मंगल के यहां 25 लाख की चोरी हुई। फरियादी थाने पहुंचे, लेकिन 40 घंटे तक एफआईआर दर्ज नहीं की। यश ने बताया, चोरी की शिकायत दर्ज कराने एक दर्जन चक्कर काटने पड़े तब जाकर बीट के जवान घटना स्थल पर गए। डॉग स्क्वॉड व फिंगर प्रिंट की टीम 30 घंटे बाद पहुंची तो बोले अब क्राइम सीन ही नहीं बचा। वहीं सोमवार रात तक पीड़ित परिवार एफआईआर के लिए इंतजार में ही बैठा रहा। यश मंगल के भाई नीतीश मंगल ने बताया, शनिवार सुबह ताला लगाकर भाई भोपाल में दोस्त की सगाई में शामिल होने परिवार सहित गए थे। रात 9 बजे लौटे तो चोरी का पता चला। फरियादी ने बताया, रविवार रात 9.15 बजे एरोड्रम थाने पर आवेदन दिया था। रात 11.5 बजे थाने की 112 एफआरवी के जवान कहीं से आए और बाहर से देखकर चले गए। सोमवार सुबह 9 बजे फिर एफआईआर के लिए निवेदन किया तो एसआई विकास शर्मा आश्वासन देते रहे कि हमारी गश्त थी। आप धीरज रखें, एफआईआर दर्ज हो जाएगी। एक दर्जन कॉल किए, थाने के चक्कर काटे तब जाकर बीट के जवान आए और घटनास्थल देखकर, चाय-नाश्ता करके चले गए। चोरी के 30 घंटे बाद डॉग स्क्वॉड और फिंगर प्रिंट्स वाले आए। बोले, अब क्राइम सीन नहीं बचा है, फिर वे भी लौट गए। सोमवार रात तक कई लोगों से फोन लगवाए तब जाकर पुलिस हरकत में आई और सोमवार रात परिवार को एफआईआर के लिए थाने बुलाया। परिजन थाने में बैठे रहे।

### सोना लूट कांड की आंचः सोनी को लसूड़िया थाने से हटाया

**इंदौर।** इंदौर पुलिस महकमे में सोमवार को 7 थाना प्रभारियों को इधर-उधर किया गया है। लसूड़िया थाने में पदस्थ टीआई तारेश सोनी को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। भंवरकुआं से हाल ही में क्राइम ब्रांच अटैच हुए राजकुमार यादव को लसूड़िया थाने की कमान सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि हाल ही में एक युवक के घर पहुंचकर वारंट की दबिश देने और 22.50 तौला सोना लूट के आरोप में सस्पेंड हुए 5 पुलिसकर्मियों के कारण तारेश सोनी पर गाज गिरी है। डीसीपी मुख्यालय के आदेश के बाद कमिशनर संतोष सिंह के निर्देश पर 4 प्रमुख थानों में नए टीआई की पदस्थापना की है। तुकोगंज टीआई जितेंद्र यादव व एरोड्रम टीआई तरुण सिंह भाटी को क्राइम ब्रांच भेजा गया है।

### बरेली के सराफ की कार का कांच फोड़कर 1 लाख और पिस्टल चुराई

**इंदौर।** बरेली के सोना-चांदी व्यापारी इंदौर में रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आए। सोमवार दोपहर 1 बजे ड्राइवर ने मैरिज गार्डन के बाहर कार पार्क की और भोजन करने चला गया। तभी बदमाशों ने कार का कांच फोड़कर रुपयों से भरा बैग, लाइसेंसी पिस्टल, 6-7 कारतूस और अन्य सामान चुरा लिया। भंवरकुआं पुलिस ने बताया, वारदात रायसेन जिले में स्थित बरेली के छोटा बाजार निवासी केशव सोनी के साथ हुई है। केशव के चाचा की बेटी की शादी पालदा स्थित मल्हार गार्डन में थी, इसलिए वे रविवार रात ही आ गए और होटल में रुके। सोमवार दोपहर वे ड्राइवर घनश्याम के साथ गार्डन पहुंचे थे। केशव ने बताया, पास ही कार पार्क कर ड्राइवर भोजन करने मंडप में गया। भोजन तैयार नहीं था, इसलिए महज 10 मिनट में वह कार के पास पहुंच गया। तभी देखा कि एक कांच फूटा हुआ है।

# पार्षद ने मांगा महापौर-निगम कमिश्नर से पानी

## बोले- वार्ड में नर्मदा का पानी नहीं, बोरिंग भी सूख रहे, घर आएंगे पानी लेने

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही इंदौर में पानी कि किल्लत शुरू हो गई है। कई जगह पानी की समस्या देखने को मिली है। इसके कारण लोगों ने विरोध भी जताया और प्रदर्शन भी किया। ऐसी ही स्थिति वार्ड 75 में भी आ रही है, जिसके चलते यहां के पार्षद ने महापौर और नगर निगम कमिश्नर से पानी मांगा है।

उन्होंने कुछ दिनों पहले ही दोनों को लेटर भी लिखा है और 10 पानी के टैंकरों की मांग की है, ताकि लोगों को पानी उपलब्ध करा सके। दरअसल, शहर में कई जगह पानी की समस्या का सामना लोगों को करना पड़ रहा है।



शहर में कई जगह गर्मी के दिनों में टैंकरों से पानी की सप्लाई की जाती है, ताकि लोगों को पानी मिल सके।

### खुद से कर रहे मदद, घर जाकर मांगेंगे पानी

पार्षद सोलंकी का कहना है कि गर्मी में वार्ड की स्थिति देखते हुए फिलहाल उन्होंने खुद ही टैंकर की व्यवस्था की है, लेकिन ये व्यवस्था भी पूरी नहीं पड़ रही है। उनका कहना है कि वार्ड में कई जगह नर्मदा की सप्लाई नहीं है, वहीं वार्ड में कई जगह बोरिंग भी गर्मी की वजह से सुखने लगे है। जिसके कारण पानी की किल्लत वार्ड में हो रही है। उनका कहना है कि अगर पानी की समस्या का निराकरण नहीं होता है तो वे लोगों के साथ महापौर और निगम कमिश्नर के घर जाकर पानी मांगेंगे।

**वार्ड 75 में पानी की समस्या, लिख चुके हैं लेटर-** वार्ड 75 में भी पानी की समस्या से लोगों को दो चार होना पड़ रहा है। इसे देखते हुए पार्षद कुणाल सोलंकी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल को लेटर चुके है और लोगों तक पानी पहुंचाने के लिए 10 टैंकरों की मांग कर चुके है।

पार्षद सोलंकी का कहना है कि गर्मी में पानी की गंभीर समस्या रहती है वार्ड का क्षेत्रफल भी काफी बड़ा और ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण रहवासियों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की सप्लाई के लिए उन्होंने 6 छोटे और 4 बड़े टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की है। पार्षद का कहना है कि लेटर लिखे जाने के बाद भी उन्हें टैंकर उपलब्ध नहीं हुए है।

# डेली कॉलेज चुनावः नए संविधान पर लगी मुहर

## अब सिर्फ दो श्रेणियों में होगा मुकाबला, ओडीए में विरोध के स्वर तेज

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

डेली कॉलेज के आगामी चुनाव को लेकर स्थिति पूरी तरह साफ हो गई है। फर्म एंड सोसायटी ने कॉलेज के नए संविधान संशोधन को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है, जिसकी आधिकारिक प्रति मुख्य चुनाव अधिकारी और हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस सुशील गुप्ता के पास पहुंच गई है।

शासन की इस हरी झंडी के साथ ही अब यह तय हो गया है कि इस बार चुनाव प्रक्रिया नए नियमों के तहत ही संपन्न कराई जाएगी। नए बदलावों के बाद अब निर्वाचन का दायरा सीमित हो गया है और केवल दो श्रेणियों के लिए ही वोट डाले जाएंगे।

संशोधित संविधान के प्रावधानों के अनुसार, अब चुनाव मुख्य रूप से 'न्यू डोनर कैटेगरी' और 'पुराने डोनर कैटेगरी' के लिए आयोजित किए जाएंगे। जहां पुराने डोनर्स की श्रेणी से दो सदस्यों का चयन मतदान के जरिए होगा, वहीं न्यू डोनर कैटेगरी के लिए भी



चुनावी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

सबसे बड़ा बदलाव 'ओल्ड डेलियंस एसोसिएशन' (ओडीए) यानी कैटेगरी 23 में देखने को मिला है। पहले इस श्रेणी से दो सदस्यों का चुनाव होकर बोर्ड में जाने का प्रावधान था, जिसे अब पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। नए नियमों के तहत अब ओडीए के अध्यक्ष और सचिव सीधे बोर्ड का हिस्सा बनेंगे। इसके अलावा, एक प्रतिष्ठित छात्र को भी बोर्ड में शामिल किया जाएगा, लेकिन यह पूरी प्रक्रिया चयन पर आधारित होगी, न कि निर्वाचन पर।

प्रबंधन और बोर्ड इस बदलाव को कॉलेज के हित में बता रहे हैं। उनका तर्क है कि इससे बार-बार चुनाव कराने की जटिलता खत्म होगी। साथ ही, ओडीए के निर्वाचित पदाधिकारी जब सीधे बोर्ड में बैठेंगे, तो वे पूर्व छात्रों की समस्याओं और सुझावों को अधिक प्रभावी ढंग से शासन के सामने रख सकेंगे। हालांकि, इस फैसले ने ओडीए के भीतर एक बड़े विवाद को जन्म दे दिया है।

एसोसिएशन का एक गुट इस संशोधन का पुरजोर विरोध कर रहा है। विरोधियों का कहना है कि मतदान का अधिकार छीनने से ओडीए के लोकतांत्रिक अस्तित्व पर संकट खड़ा हो जाएगा।

विरोधी गुट का मुख्य तकनीकी ऐतराज चुनाव के शेड्यूल और संविधान लागू होने की तारीख को लेकर है। उनका तर्क है कि जब 21 अप्रैल को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हुई थी, तब पुराना संविधान ही प्रभावी था।

फर्म एंड सोसायटी से नए संविधान की सत्यापित प्रति 23 अप्रैल को प्राप्त हुई है, ऐसे में प्रक्रिया के बीच में नए नियमों को थोपना नियम विरुद्ध है। माना जा रहा है कि यह मामला जल्द ही कानूनी मोड़ ले सकता है और विरोधी गुट इस निर्णय के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी में है।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद लोकायुक्त पूरक चालान पेश करेगा

## घूसखोरों पर शिकंजा : 4 नहीं 10 साल की सजा, 28 भ्रष्टों पर बढ़ेंगी धाराएं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए अफसर और कर्मचारियों को 4 नहीं, पूरे 10 साल की सजा हो सकती है। दरअसल, हाई कोर्ट ने लोकायुक्त से जुड़े एक मामले में फैसला दिया है कि किसी अफसर, कर्मचारी का रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े जाना भी खुद को संपन्न बनाने जैसा है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के अलावा ऐसे मामलों में धारा 13 (1)(बी) भी जोड़ी जाना चाहिए। इस आदेश के बाद लोकायुक्त संगठन ने 28 ऐसे मामले चिह्नित कर लिए हैं, जिनमें अफसर-कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा गया था। इनमें 15 से लेकर 1 लाख रुपए तक की रिश्वत लेने वाले शामिल हैं। खास बात यह है कि इस धारा में अपराध सिद्ध होने पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय के मुताबिक, हाई कोर्ट आदेश के बाद चालान में इन धाराओं को शामिल किया जा रहा है। इंदौर संभाग में 28 प्रकरणों में इस धारा को जोड़ा जा रहा है।

# वेटिंग हॉल सहित पूरा कामकाज यहीं से शुरू करेगा रेलवे

## लक्ष्मीबाईनगर में नई बिल्डिंग तैयार, 15 दिन में टिकट विंडो भी शुरू होगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा लक्ष्मीबाईनगर रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग का काम पूरा हो गया है। इसी सप्ताह रेलवे पुरानी बिल्डिंग से टिकट विंडो, वेटिंग हॉल, रिटायरिंग रूम, स्टेशन मास्टर कक्ष आदि को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करेगा। संभवतः 15 दिन में नई बिल्डिंग से सभी ऑपरेशन शुरू हो जाएंगे। रेलवे अधिकारी ने कहा कि जल्द ही ब्लॉक लेकर शिफ्टिंग कार्य शुरू किया जाएगा। इसकी सारी तैयारियां कर ली हैं। नया स्टेशन वर्तमान बिल्डिंग से डेढ़ गुना बढ़ा है।



**2023 में शुरू हुआ था नई बिल्डिंग का काम-** 2023 में रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग का काम शुरू हुआ था। यहां अब 5 प्लेटफॉर्म हैं। वर्तमान में 1 नंबर प्लेटफॉर्म अब 3 नंबर हो जाएगा। प्लेटफॉर्म हाई लेवल बनाए गए हैं। नया एफओबी बनाया गया है। पुराने एफओबी का एक्सटेंशन किया गया है।

### लक्ष्मीबाईनगर से इंदौर के बीच तीसरी लाइन की तैयारी

अब लक्ष्मीबाईनगर स्टेशन से इंदौर तक तीसरी लाइन डालने की तैयारी है। इसका फायदा यह होगा कि ट्रेनें इंदौर आने के बाद नई लाइन से सीधे प्लेटफॉर्म से लेकर यार्ड तक पहुंच जाएंगी। लक्ष्मीबाई नगर से इंदौर तक वैसे तो अधिकांश हिस्सा इस लाइन के लिए क्लीयर है। हां, 300-400 मीटर के कुछ हिस्से में बाधाएं हैं, जिसे लेकर रेलवे जल्द प्रशासन से मिलेगा।

### सिंहस्थ के हिसाब से तैयारियां

बिल्डिंग तैयार है। वहीं, इंदौर स्टेशन पर काम चल रहा है। यह सभी तैयारियां 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ को लेकर हैं। राजेंद्रनगर, राऊ, हरनियाखेड़ी, महू स्टेशन पर भी काम चल रहा है। सिंहस्थ के लिए देशभर से रेलवे 300 अतिरिक्त ट्रेनें चलाएगा।

## खबर एक नजर...

### जैन समाज ने ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी पर शासन स्थापना दिवस मनाया

**उज्जैन।** शासन स्थापना दिवस के अवसर पर ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी, खाराकुआं पर उज्जैन श्री संघ द्वारा ध्वजारोहण कर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री सिद्धचक्र आराधना स्थली केसरियानाथ तीर्थ स्थित पेढ़ी पर परम पूज्य आचार्य श्री नवरत्न सागर सूरीश्वर जी म.सा. के आशीर्वाद एवं परम पूज्य आचार्य श्री विश्व रत्न सागर सूरीश्वर जी म.सा. की प्रेरणा से, आचार्य श्री मुक्ति सागर सूरीश्वर जी म.सा. एवं साध्वी श्री चारुधर्मा श्री जी म.सा. की पावन निश्रा में यह आयोजन संपन्न हुआ। प्रातः 8 बजे चतुर्वेदी संघ के साथ भक्ति गीत एवं नृत्य के साथ ध्वज यात्रा निकाली गई, जो श्री अजीतनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी, खाराकुआं पहुंची। यहां आचार्य श्री मुक्ति सागर सूरीश्वर जी म.सा. ने शासन स्थापना दिवस का महत्व समझाया। नवरत्न महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती पदमा जैन ने बताया कि जिस प्रकार देश में 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को ध्वजारोहण किया जाता है, उसी प्रकार जैन समाज वैशाख सुदी ग्यारस के दिन ध्वजारोहण कर इस पर्व को मनाता है। लगभग 2600 वर्ष पूर्व भगवान महावीर स्वामी ने इसी दिन चतुर्वेदी संघ के समक्ष जिन शासन की स्थापना की थी। कार्यक्रम का संचालन श्री संजय जी खली वाले ने किया। कार्यक्रम पश्चात लड्डू की प्रभावना विभिन्न समाजजनों द्वारा की गई, जिसमें श्री संजय जी अपूर्व जी (स्वस्तिक टाइल्स), सोराबजी महेन्द्र जी सिरोलिया परिवार, कोमल बेन सागरमलजी, अभिषेक जी डग परिवार एवं विशाल कुमार (मोनू भैया लड्डू वाले) का विशेष सहयोग रहा। नवरत्न परिवार के संयोजन में वैशाख सुदी ग्यारस पर देशभर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसके किट के लाभार्थी नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अरुण जी फुलेरा (पिपलोन) रहे। इस मौके पर ट्रस्ट मंडल, नवरत्न महिला मंडल, नवरत्न भक्तामर मंडल, नवरत्न बालिका मंडल एवं अन्य जैन संगठनों की सहभागिता रही। उज्जैन सहित देशभर में जैन समाज द्वारा यह शासन स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

### देश भर से उज्जैन पहुंच रहे विद्यार्थी, आध्यात्मिक व नैतिक मूल्यों का होगा सिंचन, ख्यातिप्राप्त विद्वान देंगे मार्गदर्शन

# वीतराग विज्ञान पाठशाला का 51वां स्थापना दिवस, बाल-युवा संस्कार शिविर का भव्य उद्घाटन आज

#### ख्यातिप्राप्त विद्वानों का मिलेगा सान्निध्य

#### देश भर से आ रहे विद्यार्थी, 3 से 60 वर्ष के उम्रदराज भी होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री सीमंधर दिगंबर जैन मंदिर क्षीरसागर में वीतराग विज्ञान पाठशाला के 51वें स्थापना दिवस व स्वर्ण जयंती के अवसर पर छह दिवसीय विशाल बाल-युवा संस्कार शिविर का भव्य उद्घाटन 28 अप्रैल को होगा। यह आध्यात्मिक शिक्षण शिविर 3 मई तक चलेगा।

ज्ञात हो कि 50 वर्ष पूर्व बच्चों में आध्यात्मिक एवं नैतिक जागरूकता के लिए दादा श्री विमलचंद जी झाँझरी की प्रेरणा से पंडित प्रदीप जी झाँझरी द्वारा इस पाठशाला की स्थापना की गई थी। पिछले पांच दशकों से निरंतर संचालित इस पाठशाला में अब तक चार पीढ़ियां अध्ययन कर चुकी हैं। यहां धार्मिक अध्ययन के साथ नैतिक आचरण, माता-पिता व परिवार की सेवा और समाज सेवा के संस्कार बचपन से ही दिए जाते हैं।

स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष शिविर में मार्गदर्शन देने के लिए हैदराबाद से प्रख्यात युवा विद्वान डॉ. पुनीत जी शास्त्री उज्जैन पधार चुके हैं। शिविर में तीन स्तरों पर चार कक्षाओं का संचालन किया जाएगा, जिन्हें पंडित अशोक जी मांगुलकर राघोगढ़, पंडित अनमोल जैन इंदौर और पंडित पर्व जैन बानपुर निर्देशित करेंगे। विशेष प्रवचन डॉ. पुनीत जी और पंडित प्रदीप जी सूरत के होंगे।

शिविर में भाग लेने के लिए पाठशाला के पूर्व और वर्तमान विद्यार्थी मुंबई, ग्वालियर, पुणे, जयपुर, नीमच, सूरत, मंदसौर आदि शहरों से उज्जैन पहुंच रहे हैं। इस शिविर में 3 वर्ष के बच्चों से लेकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के समाजजन भी हिस्सा ले रहे हैं। शिविरार्थियों के लिए शहर के सभी मंदिरों से आवागमन हेतु वाहनों की विशेष व्यवस्था की गई है।

#### यह रहेगा प्रतिदिन का कार्यक्रम

प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से भगवान के अभिषेक एवं पूजन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रातः 8 बजे अल्पाहार के पश्चात 8:30 से 10:30 बजे तक विद्वान विभिन्न विषयों पर अपना उद्बोधन देंगे। सायंकाल जिनेन्द्र भक्ति और सामूहिक शिक्षण के बाद कक्षाओं का संचालन होगा। इसके पश्चात पाठशाला के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा सम्पूर्ण समाज के लिए विशेष व्याख्यान भी आयोजित होंगे।

#### आज प्रातः होगा ध्वजारोहण व उद्घाटन



आयोजन की जानकारी देते हुए जम्बू जैन धवल ने बताया कि विगत 40 वर्षों से ऐसे शिविर निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर बच्चों और युवाओं की विशेष उपलब्धि वाले होते हैं, जिनमें उन्हें नृत्य कला और भाषण कला के साथ सर्वांगीण विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है।

मंगलवार प्रातः 8:30 बजे श्री महेंद्र सारिका गंगवाल परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य आमंत्रणकर्ता श्री कोमल जी व शशि जी कासलीवाल तथा श्री अशोक जी, चेतन जी व अभिषेक जी राणा परिवार द्वारा शिविर का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। शिविर का मुख्य उद्देश्य लौकिक जीवन के साथ आध्यात्मिक साधना के माध्यम से सच्चे सुख की प्राप्ति और मनुष्य जीवन को सफल बनाना है।

# नवनियुक्त अध्यक्ष का सम्मान कर पक्षियों व अन्य जीवों के लिए मिट्टी के कुंडे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर रवि सोलंकी की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सिंहस्थ 2028 उनकी प्राथमिकता में प्रमुख रहेगा और शहर के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियुक्ति के उपलक्ष्य में सीहोर से आए समाजसेवी मनोज शर्मा के नेतृत्व में रवि सोलंकी का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें पक्षियों और अन्य जीवों के लिए मिट्टी के कुंडे भेंट किए गए, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें पानी उपलब्ध कराया जा सके। समाजसेवी मनोज शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक समाजसेवी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना सराहनीय कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रवि सोलंकी के नेतृत्व में उज्जैन में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। साथ ही उन्होंने समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर ही उनका स्वागत किया गया है और आगे भी सभी मिलकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सोलंकी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीहोर की संस्था द्वारा पक्षियों और जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था करने की पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आमजन से अपील की कि गर्मी के समय अपने घरों के बाहर और पार्कों में मिट्टी के कुंडे रखें, ताकि प्यासे जीवों को पानी मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार पानी के अभाव में जानवरों की मृत्यु हो जाती है, इसलिए इस दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

# यूडीए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में नियुक्ति पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय अग्रवाल का सम्मान

#### अग्रवाल नवयुवक मंडल ने किया भव्य स्वागत, शहर के विकास में अहम योगदान की जताई उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




उज्जैन विकास प्राधिकरण की नवनियुक्त कार्यकारिणी में वरिष्ठ भाजपा नेता विजय अग्रवाल को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर नियुक्त किए जाने पर श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा उनका भव्य सम्मान किया गया। गोला मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित इस स्वागत समारोह में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मंडल अध्यक्ष इन्द्रेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विजय अग्रवाल द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित मंडल सदस्यों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने पुष्पमालाओं से उनका आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्जैन के विकास में उनके सार्थक योगदान की अपेक्षा व्यक्त की।

समारोह में मंडल सचिव दीपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आयुष चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश अग्रवाल फिल्म, उपाध्यक्ष प्रियेश अग्रवाल, संगठन मंत्री कृष्णा अग्रवाल व मोनिल अग्रवाल, महामंत्री पवन अग्रवाल और संदीप अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री विनय अग्रवाल, आदित्य मंगलम, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, यश अग्रवाल, पुरुषोत्तम बंसल, अंकुर गर्ग तथा नवीन गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में श्री अग्रवाल पंचायत न्यास के न्यासी मधुर चौधरी ने सभी का आभार माना।

# आगर मालवा में अतिक्रमण के खिलाफ मालव रक्षा अनुष्ठान का सत्याग्रह

#### कमिश्नर कार्यालय पर प्रदर्शन, मतदाता सूची से अवैध रूप से नाम काटने और भू-माफिया को संरक्षण देने का आरोप; दर्ज झूठे प्रकरण वापस लेने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पर्यावरण व नदियों के संरक्षण और उज्जैन संभाग की जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को मालव रक्षा अनुष्ठान ने संभाग आयुक्त कार्यालय पर सांकेतिक सत्याग्रह किया। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस प्रदर्शन में नागदा में मतदाता सूची से अवैध रूप से नाम काटे जाने और विरोध करने वालों पर दर्ज झूठे आपराधिक प्रकरण वापस लेने की प्रमुखता से मांग की गई।

सत्याग्रह को संबोधित करते हुए मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक और अधिवक्ता आचार्य सत्यम ने चेतावनी दी कि शासन-प्रशासन आगर मालवा और नागदा में शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण करने वाले भू-माफिया को खुला संरक्षण दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्याय की मांग करने वालों का लगातार दमन किया जा रहा है, जिसके विरुद्ध निरंतर संघर्ष जारी रहेगा।

नागदा के पूर्व पार्षद फिरोज आजम



ने कहा कि वार्ड क्रमांक 11 में सत्ताधारी पार्टी के दबाव में दुर्भावनापूर्ण तरीके से मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इसके खिलाफ शांतिपूर्ण सत्याग्रह करने वालों का दमन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अन्याय का सड़क से लेकर न्यायपालिका तक प्रतिकार किया जाएगा और दमन के जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

पूर्व में भी दी जा चुकी है चेतावनी गौरतलब है कि मालव रक्षा अनुष्ठान ने भानपुरा में अवैध कब्जा दिलाने, बामोरा की गौशाला संचालक कृष्णा यादव के साथ धोखाधड़ी और पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने के मामलों में भी पूर्व में प्रशासन को सूचना पत्र सौंपे थे। समस्याओं का निराकरण न होने पर मई माह में गंगा दशहरा से क्षिप्रा तट पर आमरण अनशन की चेतावनी भी दी जा चुकी है। आयुक्त कार्यालय पर आयोजित इस सत्याग्रह का समर्थन उज्जैन नगर पालिक निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र वशिष्ठ, देवास की श्रमिक नेता शकुंतला देवी, अधिवक्ता मोहनलाल पांडे, जेआर माहुरकर और सुभाष जैन सहित नागदा के अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर किया।

## खबर एक नजर...

### गौ माता सम्मान एवं समाधि की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** काल भैरव घाट स्थित श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर से श्री सेनापति काल भैरव गौसेवा संगठन, उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ महाराज के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन राष्ट्रीय महामंत्री रवि चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन द्वारा गौ सम्मान के लिए ज्ञापन देने का आह्वान किया गया था। इसी क्रम में संगठन ने राज्य एवं केंद्र सरकार से मांग की है कि ह्रगौ-सम्मान भू समाधि आंदोलनह्र लागू किया जाए। इस प्रस्ताव के तहत प्रत्येक जाति, धर्म एवं भारत के सभी नागरिकों के लिए गौ माता को सनातन परंपरा के अनुसार सम्मानपूर्वक विधिवत भू-समाधि देकर अंतिम विदाई देना अनिवार्य किया जाए। संगठन का कहना है कि मृत गौ माता को गड्ढों, सड़कों या नालियों में फेंकने के बजाय विधिवत गौ-सम्मान के साथ समाधि देने का नियम बनाया जाए। इसके लिए शासन से अनुमति प्रदान करने की भी मांग की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा ने कहा की इस अभियान से अब तक 5000 से अधिक साधु-संत एवं भक्तगण जुड़ चुके हैं और देशभर के गौभक्त इसमें भाग ले रहे हैं। संत समाज का मानना है कि गौ माता को अभी तक वह सम्मान नहीं मिल पाया है, जिसकी वह वास्तविक हकदार हैं। ज्ञापन के माध्यम से सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी गई हैं। जिसमें गौ माता को राष्ट्रमाता या राष्ट्र धरोहर का दर्जा दिया जाए, पूरे देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए, गौ संरक्षण के लिए एक सशक्त केंद्रीय कानून बनाया जाए, जिसमें म्रत गौमाता को विधिवत सम्मानपूर्वक समाधि लगाई जाये व गौमाता के खिलाफ खिलवाड़ करने वाले के खिलाफ सक्त से सक्त कानून कार्यवाही करना जिससे पूरे देश में एक समान व्यवस्था लागू हो सके।

# महापौर मुकेश टटवाल के संयोजन में हुआ बैरवा समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट व कार्यकारिणी का सम्मान

### शिक्षा और उद्यमिता ही समाज की प्रगति का आधार : विधायक लालाराम बैरवा



उज्जैन। महाकाल मंदिर के समीप स्थित एमपीटी हेरिटेज होटल महाराजवाड़ा में अखिल भारतीय बैरवा महासभा उज्जैन द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। महापौर मुकेश टटवाल के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में बैरवा समाज के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट और उनकी कार्यकारिणी का आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शाहपुरा राजस्थान के विधायक लालाराम बैरवा थे, जबकि अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राजेश जारवाल ने की।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक लालाराम बैरवा ने युवाओं से छोटी नौकरी की मानसिकता से बाहर निकलने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिदृश्य में शिक्षा के साथ-साथ उद्यमिता ही हमारी प्रगति की धुरी बनेगी। हमें व्यापार और व्यवसाय की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। विधायक बैरवा ने प्रतिभावान बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए कहा कि संगठित समाज ही राजनीति में प्रभावी नेतृत्व प्रदान करता है।

महापौर मुकेश टटवाल ने अपने संबोधन में नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाजजनों ने शिक्षा, साहित्य और चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत और कार्यशैली से एक विशिष्ट मुकाम हासिल किया है। अब हमें सिंहस्थ 2028 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अभी से ठोस कार्य-योजना बनाने की आवश्यकता है।

समारोह के प्रारंभ में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज की गौरवशाली परंपरा को बरकरार रखते हुए हम नवाचार के नवीन आयाम स्थापित करेंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्य महामंत्री राहुल अखंड, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप बेंडवाल और महेश गोठवाल का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। इस दौरान नगर निगम उपनेता राजेंद्र कुवाल और पार्षद व जोन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को पूर्व महापौर मदनलाल ललावत, सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. हरिमोहन धवन और पार्षद जितेंद्र कुवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन जयप्रकाश जूनवाल ने किया। समारोह में प्रमुख रूप से डॉ. जी.एस. धवन, जगदीश मरमट, जगदीश अखंड, बाबूलाल गोठवाल, इंजीनियर प्रभुलाल टटवाल, हरीश ललावत, मनीष जाटवा, नवीन डंडेरवाल, सुनील गोठवाल, डॉ. महेश मरमट, दीपक मेहरा, लालचंद भारती, जितेंद्र नाना तिलकर, कैलाश धवन, जॉइंट डायरेक्टर आईटीआई सुनील ललावत, मनोहर चावंड, प्रकाश मेहरा, बाबूलाल टटवाल, कमल मरमट, निखिल गोठवाल और रजनीश मरमट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ में नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

# समाज सेवा और समरसता का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ जिला इंदौर की नवीन कार्यकारिणी का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए और गुरु रविदास महाराज के समता, समरसता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि समारोह में अतिथियों ने नवीन कार्यकारिणी से समाजहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का आह्वान किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जब नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, तब उपस्थित समाजजनों ने तालियों के साथ उनका स्वागत कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार उपस्थित रहे। वहीं, श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ भारत के प्रदेश अध्यक्ष व अजा मोर्चा इंदौर संभाग प्रभारी ओमप्रकाश मोहने, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल वर्मा, जाटव समाज के अध्यक्ष पृथ्वीराज उस्ताद और अहिरवार 11 पंच कमेटी के अध्यक्ष करण गोलिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम के दौरान श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय रोजिया का जन्मदिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपस्थित वरिष्ठजनों ने उन्हें साफा बांधकर और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर विश्वमहापीठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सूर्यवंशी दताना, राष्ट्रीय संत श्री सदाजप महाराज, प्रदेश मंत्री मुकेश सूर्यवंशी, गोविंद कजरे, जिलाध्यक्ष प्रकाश जाटव, वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश सेरोके, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र जादोरिया, जिला महामंत्री शेरा बामने, गुलाब सूर्यवंशी, रविंद्र कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता कुनारे, रीना खरेटिया, रचना जाटव और नीरज रोजिया सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### वसीम फैज मोहम्मद बने कांग्रेस के महासचिव

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के निर्देश एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी की सहमति से समाजसेवी वसीम फैज मोहम्मद को महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से कांग्रेस पार्टी एवं समाज में हर्ष का माहौल है। सोएब खान ने जानकारी देते हुए बताया कि महासचिव पद पर नियुक्ति के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा वासिम भाई बंटी का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नवनियुक्त महासचिव वासिम भाई बंटी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष विधायक महेश परमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

# स्वस्थ पर्यावरण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: पद्मश्री डॉ. जनक पलटा

### सम्राट विक्रमादित्य विवि और लायंस क्लब की कार्यशाला में पर्यावरणविद् ने साझा किए अनुभव, प्लास्टिक मुक्त आचरण पर दिया जोर

### विशेषज्ञों ने दिए जीवनशैली में बदलाव के सुझाव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्वस्थ पर्यावरण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह बात प्रख्यात पर्यावरणविद् और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. जनक पलटा ने कही। वे लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के श्री वल्लभ आनंद क्लब और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय 'पर्यावरणीय जागरूकता' कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। यह आयोजन पर्यावरण सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर किया गया।

40 वर्षों से पर्यावरण और समाज सेवा को समर्पित

डॉ. पलटा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। बचपन में एक लंबी बीमारी के बाद उन्होंने अपना जीवन परोपकार के लिए समर्पित कर दिया। विगत 15 वर्षों से वे 'शून्य-अपशिष्ट' जीवन शैली अपना रही हैं। इंदौर के समीप सनावड़िया स्थित उनका निवास पूरी तरह सौर ऊर्जा और पवनचक्की से संचालित होता है, जो सतत विकास का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने हजारों आदिवासी व ग्रामीण महिलाओं को सौर कुकर, जैविक खेती और आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाया है।

माइक्रोप्लास्टिक से कैंसर का खतरा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रसिद्ध चिकित्सक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सलूजा ने कहा कि माइक्रोवेव में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के सूक्ष्म कण शरीर में प्रवेश कर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। उन्होंने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग पर पुनर्विचार करने का आह्वान किया। वहीं, राज्य आनंद संस्थान के जिला संयोजक डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह हमारे आचरण में भी दिखना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण ही आनंदमय जीवन का आधार है।

गीत व लघु नाटिका से दिया संदेश

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत लायंस क्लब की सीईओ एवं श्री वल्लभ आनंद क्लब की संस्थापक मधु गुप्ता ने किया। शुरूआत में सेवानिवृत्त डीएसपी सुभाष दुबे ने पर्यावरण पर आधारित गीत प्रस्तुत किया।

### काव्यांजलि की काव्य गोष्ठी में कवियों ने बांधा समां

# ट्रंप पर व्यंग्य से लेकर मां की महिमा तक, साहित्यकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




संस्था काव्यांजलि की त्रैमासिक काव्य गोष्ठी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर शहर के रचनाकारों ने अपनी बेहतरीन कविताओं और गजलों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश चौरे और विशेष अतिथि राकेश चौरडिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सुगनचंद जैन ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात श्रीमती संगीता तल्लेरा ने मालवी भाषा में सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संस्था के संयोजक राकेश खेमसरा ने संस्था की वर्तमान गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा सभी उपस्थित साहित्यकारों का सम्मान किया।

राकेश खेमसरा ने 'नहीं आपके आने की कुछ आस है बाबूजी, फिर भी मिलने का दिल को विश्वास है बाबूजी' सुनाकर भावविभोर कर दिया। कवि अमित जैन ने 'नाम तुम्हारा दो अक्षर का जिक्र करूं तो सदियां कम, कितनी व्यापक तेरी महिमा कैसे देखूं अखियां कम' प्रस्तुत की। डॉ. अर्चना बाफना ने मां की महिमा का बखान करते हुए पढ़ा, 'मां की दुआओं का होता है ऐसा असर, कि मौत भी हो जाती है बेअसर।' डॉ. खुशबू बाफना ने 'सपनों की क्या बात बताऊं, सपने अपने होते यह बात समझाऊं' तथा संगीता तल्लेरा ने 'रिश्तों में प्यार हो नहीं हो दिखावा, बातों में हो सच्चाई ना बनावटी बन जावा' सुनाकर तालियां बटोरीं। राकेश चौरडिया ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर तंज कसते हुए कहा, 'मौत का सामान है तू, शस्त्र की दुकान है तू, बात करता शांति की, है बड़ा बेईमान तू।' डॉ. अखिलेश चौरे ने 'उतर आए वह हौले से दिल में निगाहों से, मिला है जीने का हौसला आपस की चाहों से' और शायर अशोक रक्ताले ने 'सच हो गया है वाकया किस्सा नहीं रहा, अपना अब यहां कोई अपना नहीं' प्रस्तुत कर समां बांधा।

## खबर एक नजर...

### गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर संत समाज और स्थानीय जनता ने लामबंद होकर आंदोलन किया। इस अभियान की शुरूआत हस्ताक्षर अभियान से की गई, जिसके बाद संतों के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गों से एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। यह मार्च कोतवाली थाने पहुंचा, जहां प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार के माध्यम से देश की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि गौ माता को भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा मानते हुए इसे संवैधानिक रूप से राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए और देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।संतों ने प्रशासन को सचेत करते हुए कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान है, इसलिए इसे देव माता का दर्जा मिलना अनिवार्य है। आंदोलनकारियों ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए नाराजगी व्यक्त की कि गौ माता के नाम पर राजनीति करने वाली सरकारों के रहते हुए भी आज संतों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। इस दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि यह अभियान देश की ५४०० से अधिक तहसीलों में एक साथ चलाया जा रहा है। संत समाज ने सरकार को तीन महीने का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन को जिला, प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक तेज किया जाएगा। संतों का संकल्प है कि जब तक गौ माता को सड़कों पर कचरा खाने और कटने से बचाने के लिए कठोर कानून नहीं बनता, तब तक वे हर तीन महीने में ज्ञापन देकर अपना विरोध दर्ज कराते रहेंगे।

### गौ सम्मान दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब सरकार बूचड़खाने बंद करेगी

**बुढ़ा।** गौ सम्मान दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब सरकार कठोर नियम बनाये एवं बूचड़खाने बंद करे,ओर गौपालक भी अपनी जिम्मेदारी को समझे।उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सोमवार को गौ सम्मान दिवस पर गौमाता की पूजा,अर्चना गुड़ एवं रोटी खिलाई शर्मा ने कहा कि पंचायत से लेकर प्रदेश और देश मे भाजपा की सरकार है तो तत्काल बूचड़खाने बंद होना चाहिये,ओर गौमाता को राष्ट्रमाता भी घोषित करे।शर्मा ने कहा कि पशुपालको भी अपनी जिम्मेदारी तय करना पड़ेगी गौमाता को माँ की तरह पालना होगा आज बड़ी विडंबना है कि गौमाता को खुले में छोड़ा जाता है जहां यह सड़क या मोहल्लों में विचरण कर अनावश्यक वस्तुएं खाने पर मजबूर होती है।शर्मा ने कहा कि प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ जी ने निराश्रित गौमाता के लिए प्रदेश भर में गौशालाये खोलकर उनके रहने के साथ ही घास पानी,डॉक्टर के लिए पर्याप्त बजट की भी व्यवस्था की।शर्मा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा मेरे नेतृत्व में दस साल पहले ही गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान एवं पोस्टकार्ड अभियान भी चलाया जाचुका है।

### गौ सम्मान आह्वान अभियान पदयात्रा निकाल कर दिया ज्ञापन

**जावरा ।** गौ सम्मान आव्हान अभियान जन जागरण पदयात्रा सोमवार को पुल बाजार स्थित जागनाथ महादेव मंदिर से निकली जो पदयात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची । वहीं संत समाज ने हजारों संख्या के हस्ताक्षर वाले राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को दिया। पदयात्रा पुल बाजार से प्रारंभ होकर बजाज खाना, घंटा घर चौराहा ,कोठी बाजार, नीम चौक, लक्ष्मी बाई रोड, कोर्ट परिसर होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। उक्त गौ सम्मान अभियान में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा गोवंश हत्या पर कडा कानून बनाए जावे गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे को लेकर शामिल किया गया । उक्त अभियान में क्षेत्र के संत समाज के योगी योगेश नाथ (जेठाना) ,शिवानंद (सजापुर), जितेंद्र दास( बोरदा ),रुद्र गोपाल ब्रह्मचारी एवं अनिल शर्मा आदि बड़ी संख्या में महिलाएं एवं नागरिक उपस्थित थे।

### निर्माण कार्यों में देरी पर होगी सख्त कार्रवाई- कलेक्टर

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गेहूं खरीदी केंद्रों पर किसानों को लंबी लाइनों में न लगना पड़े और जिनका स्लॉट बुक है, उनका गेहूं तत्काल तौल कर उन्हें मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पानी जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें और सर्वेयर गुणवत्ता की जांच पूरी सावधानी से करें। कलेक्टर ने निर्माण विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों के लिए बार-बार समय वृद्धि (एक्सटेंशन) न दी जाए।

# हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ता रतलाम मंडल, वर्ष 2025-26 में सौर ऊर्जा उत्पादन से 1.84 करोड़ की बचत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं तथा पर्यावरण संरक्षण की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना समय की प्रमुख आवश्यकता बन गया है। भारतीय रेलवे इस दिशा में सतत प्रयासरत है और हरित ऊर्जा को अपनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सौर ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।



मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार के कुशल मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (पावर) लेफ्टिनेंट श्री डी.के. प्रजापति के निर्देशन में बिजली विभाग द्वारा पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। मंडल में विभिन्न स्थानों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं तथा उनके रखरखाव और नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे अधिकतम दक्षता के साथ ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित हो सके। इन्हीं सतत प्रयासों का परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रतलाम मंडल द्वारा लगभग 35.53 लाख यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया गया, जिससे लगभग 1.84 करोड़ के राजस्व की बचत हुई है। यह उपलब्धि न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

रतलाम मंडल द्वारा स्ववित्त पोषण एवं विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से रेलवे कार्यालयों, प्लेटफॉर्म कवर शेड, स्टेशन भवनों तथा अन्य परिसरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही इन सोलर संयंत्रों के रखरखाव एवं नियमित निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि ऊर्जा उत्पादन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और उनकी कार्यक्षमता बनी रहे। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी जानकारी के अनुसार वर्ष 2025-26 में मंडल के 8 विभिन्न लोकेशनों पर कुल 388 किलोवाट क्षमता के सोलर सिस्टम स्थापित किए गए हैं। इन कार्यों के अंतर्गत इंदौर कोचिंग डिपो, इंदौर स्थित निर्माण भवन, डॉ. अंबेडकर नगर के नवीन स्टेशन भवन एवं प्लेटफॉर्म कवर शेड, देवास स्टेशन भवन, इंदौर आरक्षण कार्यालय, इंदौर हॉस्टल तथा लिमखेड़ा एवं मंगलमहूड़ी स्टेशनों पर सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिससे सौर ऊर्जा उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो रही है।

इसके अतिरिक्त मंडल के अन्य स्टेशनों, मरम्मत इकाइयों, रेलवे चिकित्सालयों एवं विभिन्न कार्यालयों में पूर्व से स्थापित सोलर सिस्टम के माध्यम से भी नियमित रूप से सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। इन प्रयासों के फलस्वरूप नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है और पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता में कमी आ रही है।

वर्तमान में रतलाम मंडल के विभिन्न लोकेशनों पर कुल लगभग 3299 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे वर्ष 2025-26 में लगभग 35.53 लाख यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन संभव हुआ है। इससे ऊर्जा व्यय में उल्लेखनीय कमी आई है और रेलवे को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ है।

वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (पावर) लेफ्टिनेंट श्री डी.के. प्रजापति के निर्देशन में सौर ऊर्जा उत्पादन को और अधिक बढ़ाने के लिए, आगामी समय में अतिरिक्त लोकेशनों पर सोलर सिस्टम स्थापित करने की योजना बनाई गई है। यह पहल रेलवे को पर्यावरण के अनुकूल, किफायती एवं टिकाऊ ऊर्जा उपयोग की दिशा में और अधिक सशक्त बनाएगी। रतलाम मंडल की यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के हरित रेलवे के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर प्रगति जारी रहेगी।

## डीजे इलेवन ने जीती नपाध्यक्ष ट्रॉफी, फाइनल मुकाबले में बालाजी इलेवन को 59 रनों से हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

कालाखेत खेल मैदान पर आयोजित 6 दिवसीय नपाध्यक्ष ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में डीजे इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह माच्छोपुरिया ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

फाइनल मैच में डीजे इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट पर 104 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बालाजी इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में मात्र 45 रन ही बना सकी। इस तरह डीजे इलेवन ने 59 रनों के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। विजेता टीम को 51 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में 49 रन बनाने वाले वसीम लाला मैन ऑफ द मैच रहे, जबकि वसीम पिपलोदा को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। सुनील मोड़ा ने बेस्ट बॉलर और डीएम पाटिल ने बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार जीता। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए डे-नाइट मैचों का आयोजन कि के लिये नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और आयोजक टीम को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सुनील जैन महाबली ने किया और आभार विवेक भावसार ने व्यक्त किया।

## 52 परिवारों ने स्व-गणना कर दिया जागरूकता का संदेश




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र के सत्र 2026-27 के नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर केंद्र के 52 परिवारों ने एक साथ स्व-गणना पत्र भरकर राष्ट्र के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता और राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, व विशिष्ट अतिथि के रूप में सकल जैन समाज अध्यक्ष श्री लोकेंद्र जैन और ग्रुप संरक्षक विजेंद्र सेठी मौजूद थे। समारोह के दौरान शपथ अधिकारी राकेश जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीर अरविंद कुदार, सचिव वीर ऋषभ फाफरिया, कोषाध्यक्ष वीर दिनेश जैन सहित पूरी टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती श्वेता जैन ने स्व-गणना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रक्रिया सुरक्षित और गोपनीय है, जिसे नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं पूर्ण कर सकते हैं। अतिथियों ने अपने संबोधन में महावीर इंटरनेशनल द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की और नई टीम को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन प्रजवी जैन ने किया और आभार नवीन सचिव ऋषभ फाफरिया ने माना।

## श्री सांवरिया सेठ भंडार के चढ़ावे मे रिकॉर्ड 41 करोड़ निकले



**नीमच।** प्रसिद्ध कृष्ण धाम चित्तौड़गढ़ जिले के श्री सांवलिया सेठ मंदिर के दान पत्र से एक महीने में मिली राशि ने नया रिकॉर्ड बनाया है। एक महीने में कुल 41 करोड़ 67 लाख 38 हजार 569 रुपए चढ़ावे की राशि प्राप्त हुई। प्रशासक व एडीएम और मंदिर मंडल की सीईओ प्रभा गौतम ने बताया 16 अप्रैल को चतुर्दशी के दिन भंडार खोला गया था। इसके बाद सात राउंड में गिनती पूरी हुई। भेंटकक्ष और ऑनलाइन माध्यम से 8 करोड़ 45 लाख 75 हजार 30 रुपए मिले। इनके अलावा करीब 1 करोड रुपए कीमत का सोना और करीब 2 करोड रुपए की चांदी की भेंट भी चढ़ावे में आई है।

## संभाग प्रभारी बने लोखंडे, तिवारी जिला प्रभारी नियुक्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

शासन द्वारा गठित मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड रतलाम के जिला प्रभारी अनुराग लोखंडे को नई जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें उज्जैन संभाग का प्रभारी बनाया गया है। उनके स्थान पर अब अजय तिवारी बोर्ड के जिला प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। तिवारी जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का ऐलान करेंगे।

यह जानकारी मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त संभाग प्रभारी अनुराग लोखंडे ने सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में परशुराम कल्याण बोर्ड द्वारा भगवान श्री परशुराम जी पर महानाट्य का मंचन किया गया था। इसमें बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने नई नियुक्तियों को लेकर चर्चा की थी। पं. राजोरिया ने उन्हें (लोखंडे) उज्जैन संभाग का प्रभारी तथा डॉ. राजेश शर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। इससे रिक्त हुए रतलाम जिला प्रभारी के पद पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी अजय तिवारी को नियुक्त किया गया है।

लोखंडे ने बताया जिला प्रचार प्रमुख पत्रकार नीरज कुमार शुक्ला की जिम्मेदारी को निरंतर रखा गया है। इसके साथ ही विधिक प्रभारी का दायित्व रतलाम अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा को दिया गया है। बोर्ड में कलेक्टर के पूर्व कार्यालय अधीक्षक प्रभाकांत उपाध्याय को भी जोड़ा गया है। संभाग, जिला और नगर की नई टीमों का गठन भी जल्द किया जाएगा।



# सलमान की नई फिल्म ईद 2027 पर रिलीज होगी

## एक्टर ने 'एसवीसी63' के मुहूर्त की झलक शेयर की, वीडियो में नयनतारा भी दिखीं

सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म एसवीसी63 के मुहूर्त की कुछ झलकियां शेयर कीं। साथ ही बताया कि फिल्म ईद 2027 पर रिलीज होगी। इस फिल्म का डायरेक्शन वामशी पेडिपल्ली कर रहे हैं।

सलमान ने इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह और नयनतारा दिख रहे हैं। वीडियो में एक क्लैपबोर्ड दिखाया गया है, जिस पर मुहूर्त लिखा है। सलमान ने कैप्शन में लिखा कि थोड़ा दूर की सोच रखनी चाहिए, इसलिए ईद 2027 की घोषणा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरी फिल्म की जानकारी भी सही समय पर दी जाएगी और फैंस से धैर्य रखने को कहा।

इस फिल्म से सलमान पहली बार डायरेक्टर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम करे रहे हैं। इस फिल्म को अस्थायी नाम एसवीसी63 दिया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। फिल्म के डायरेक्टर वामशी पेडिपल्ली बड़े स्केल पर फिल्में बनाने के साथ-साथ उनमें मजबूत इमोशनल कहानी पिरोने के लिए जाने जाते हैं।

वामशी इससे पहले प्रभास (मुन्ना), जूनियर एनटीआर (बृंदावनम), महेश बाबू (महर्षि), राम चरण (येवडु) और विजय (वारिसु) जैसे सितारों के साथ काम कर चुके हैं। वहीं, फिल्म को श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले दिल राजू प्रोड्यूस कर रहे हैं। वामशी पेडिपल्ली और दिल राजू की जोड़ी अब 5 फिल्मों मुन्ना, वृंदावनम, येवादु, महार्षि और वारिसु में साथ काम कर चुकी है और इनका ट्रैक रिकॉर्ड बॉक्स ऑफिस पर मजबूत रहा है।

### साउथ एक्ट्रेस पर लगे धोखाधड़ी के आरोप

# एनआरआई से शादी के नाम पर ठगे 9.35 करोड़

**कहा- गलत खबर फैलाने वालों के खिलाफ लीगल एक्शन लेंगे**

साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस और बिग बॉस तेलुगु की कंटेस्टेंट रह चुकीं आशु रेड्डी के खिलाफ हाल ही में हैदराबाद में धोखाधड़ी के आरोप में शिकायत दर्ज हुई है। आरोप हैं कि एक्ट्रेस ने एक एनआरआई से 9.35 करोड़ की ठगी की है। चर्चा में आने के बाद अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर रहा है कि वो अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एक्शन लेंगीं। आशु रेड्डी ने हाल ही में आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा, मेरी अनुमति के बिना जो भी खबर या गलत जानकारी फैल रही है, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सम्मान रखें।

हाल ही में धर्मेंद्र नाम के एनआरआई सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने हैदराबाद में एक्ट्रेस समेत 3 के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार, धर्मेंद्र नाम के सॉफ्टवेयर इंजीनियर





एनआरआई साल 2018 में अपने परिवार से मिलने हैदराबाद आए थे। यहां एक कॉमन दोस्त ने उनकी मुलाकात एक्ट्रेस आशु रेड्डी से करवाई। आशु ने बताया था कि वो अमेरिका में पढ़ाई कर रही हैं।

जल्द ही दोनों की दोस्ती हो गई, जबकि धर्मेंद्र तलाकशुदा थे। दोनों की बात शादी तक पहुंच गई। आशु ने उनसे शादी का वादा किया और कहा कि उन्हें तलाकशुदा होने से कोई दिक्कत नहीं है। कुछ समय बाद आशु ने एजुकेशन लोन चुकाने के नाम पर धर्मेंद्र से पैसे लिए और फिर फ्लैट, गोल्ड और कार समेत कई महंगीं चीजें खरीदने के लिए पैसे लिए। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में एक पुलिसकर्मी के हवाले से लिखा गया है, एक्ट्रेस ने धर्मेंद्र से सालों तक पैसे लिए, लेकिन फिर 2020 में शादी की बात पर कुछ समय तक रुकने के लिए कहा। 2020 में दोनों परिवारों को शादी के लिए मुलाकात करनी थी, लेकिन तब एक्ट्रेस ने शादी से इनकार कर दिया। जब धर्मेंद्र ने शादी टूटने पर पैसे वापस मांगे, तो एक्ट्रेस ने रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस ने 70 लाख लौटाने का वादा किया था, लेकिन वो भी नहीं लौटाए।





# फिल्म गोलमाल 5 की शूटिंग शुरू

## अजय देवगन ने शेयर किया 5 सीटों वाली बाइक का वीडियो, अक्षय कुमार की भी एंट्री

रोहित शेट्टी की कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'गोलमाल' के पांचवे पार्ट यानी 'गोलमाल 5' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म के लीड एक्टर अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग का एक नया वीडियो शेयर किया है। ऊटी में चल रही शूटिंग के इस वीडियो में फिल्म की मशहूर 5 सीटों वाली बाइक भी नजर आ रही है। इस बार फिल्म में अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। ऊटी शेड्यूल से सामने आया वीडियो अजय देवगन ने 27 अप्रैल को अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया। वीडियो के बैकग्राउंड में 'गोलमाल' का मशहूर टाइटल ट्रैक सुनाई दे रहा है। अजय ने कैप्शन में लिखा, इस बार सवारी बड़ी है और एंटरटेनमेंट उससे भी ज्यादा बड़ा होगा। ऊटी शेड्यूल विथ द बॉयज।

वीडियो में फिल्म की कोर कास्ट मस्ती करते हुए और अपनी सिग्नेचर पांच सीटों वाली बाइक पर सवारी करते हुए दिखाई दे रही है। 20 साल का सफर और पॉजिटिव वाइब्स डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने भी इसी वीडियो को शेयर करते हुए फ्रेंचाइजी के 20 साल के सफर को याद किया। उन्होंने लिखा, पिछले 20 सालों से हम पॉजिटिव वाइब्स के साथ आगे बढ़ रहे हैं। बता दें कि इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2006 में आई थी। अक्षय कुमार की एंट्री पर अजय ने ली चुटकी 'गोलमाल 5' की सबसे बड़ी हाईलाइट अक्षय कुमार की एंट्री है। अनाउंसमेंट वीडियो में अक्षय का एक नया और अलग लुक देखने को मिला था। इसी को लेकर अजय देवगन ने मजाकिया अंदाज में चुटकी लेते हुए कहा था, कोई फ्रेंचाइजी नहीं छोड़ता है ये।

# फिल्म हक के लिए यामी गौतम ने कुरान पढ़ी थी

## डायरेक्टर बोले- इस्लामी कानून समझने में टीम को डेढ़ साल लगा था

फिल्म हक की एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपने किरदार की तैयारी और फिल्म की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए करीब चार महीनों तक कुरान पढ़ी थी। यह बात फिल्म के डायरेक्टर सुपर्न वर्मा ने बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिए इंटरव्यू में बताई।

सुपर्न वर्मा ने बताया कि फिल्म की रिसर्च के दौरान इस्लामी कानून समझने में टीम को करीब डेढ़ साल लगा था। उन्होंने बताया कि फिल्म में कुरान के संदर्भ और संवाद वास्तविकता के साथ पेश किए गए हैं। इसलिए अंत में 'इकरा' जैसे शब्द का विशेष महत्व रखा गया। उन्होंने कहा कि फिल्म में ट्रिपल तलाक और मेहर जैसे मुद्दों को सही संदर्भ में दिखाने का प्रयास किया गया था।

फिल्म हक में यामी गौतम के अलावा इमरान हाशमी, शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी थे। फिल्म की कहानी जेंडर इक्वालिटी, न्याय और पर्सनल डिग्निटी जैसे मुद्दों पर आधारित थी। कहानी में, शाजिया (यामी गौतम) अपने पति (इमरान हाशमी) के दूसरी शादी करने और उसे मेंटेनेंस देने से इनकार करने पर अदालत का सहारा लेती है। जंगली पिक्चर्स, इंसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के कोलैबोरेशन में बनी यह फिल्म नवंबर 2025 में थिएटर में रिलीज हुई थी। इसके बाद इसे 2 जनवरी 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया।







### फिल्म हक देखकर यामी की फैन हुई आलिया

- फिल्म की आलिया भट्ट, कियारा आडवाणी और संजय कपूर जैसे सेलेब्स ने तारीफ की थी। आलिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट शेयर किया और खुद को यामी की फैन बताया था।
- एक्ट्रेस ने लिखा था, क्वीन यामी गौतम, आप हक में कमाल हैं। आपकी एक्टिंग में सच्चाई, दिल और क्लास साफ दिखती है। यह अब तक की मेरी सबसे पसंदीदा महिला परफॉर्मेंस में से एक है। जैसा कि मैंने फोन पर भी कहा, मैं आपकी फैन हूं और आपके आने वाले काम का बेसब्री से इंतजार है।
- आलिया के इस पोस्ट पर यामी गौतम ने भी रिएक्शन दिया था। उन्होंने आलिया की स्टोरी री-शेयर करते हुए लिखा था कि इतनी शानदार एक्ट्रेस और अच्छे इंसान से ऐसी तारीफ मिलना बहुत खास है।
- यामी ने कहा था कि वह आलिया के काम और उनके प्रोफेशनल रवैये की हमेशा से इज्जत करती हैं। दोनों के बीच हुई बातचीत को उन्होंने दिल से जुड़ी और सच्ची बताया।

## दिल्ली का पावरप्ले में सबसे कम स्कोर, बेंगलुरु ने 81 बॉल रहते मैच जीता

# कोहली आईपीएल में 9 हजार रन बनाने वाले पहले बैटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के 39वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 9 विकेट से हरा दिया। सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली की बल्लेबाजी फ्लॉप रही। टीम ने पावरप्ले का सबसे कम स्कोर बनाया। दिल्ली की पारी 75 रन पर ढेर हो गई। जवाब ने बेंगलुरु ने 81 गेंद रहते टारगेट हासिल कर लिया। 23 रन बनाकर नाबाद रहने वाले विराट कोहली आईपीएल इतिहास में 9 हजार रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।




- **6 ओवर में सिर्फ 13 रन बना सकी दिल्ली-** दिल्ली ने पावरप्ले में 6 विकेट खोकर मात्र 13 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास में पावरप्ले का सबसे कम स्कोर है। दूसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स हैं, जिसने 2009 में फ्उइ के खिलाफ 2 विकेट खोकर 14 रन बनाए थे।
- **दिल्ली ने सिर्फ 7 रन पर 5 विकेट गंवा दिए-** इस मैच में दिल्ली ने सिर्फ 7 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बावजूद यह आईपीएल में सबसे कम रन में 5 विकेट गंवाने का रिकॉर्ड नहीं है। कोच्चि टस्तकर्स केरल की टीम 2011 में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ सिर्फ 6 रन पर 5 विकेट गंवा बैठी थी। अब कोच्चि टस्कर्स और डेक्कन चार्जर्स दोनों टीमों लीग से बाहर हो चुकी हैं।
- **भुवनेश्वर ने 29वीं बार पहले ओवर में विकेट लिया-** भुवनेश्वर कुमार ने डीसी के खिलाफ पहले ओवर में ही डेब्यूटेंट साहिल पारख को क्लीन बोल्ड कर दिया। ये 29वीं बार है, जब उन्होंने आईपीएल में पहले ओवर में ही विकेट लिया हो। वे इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। टॉप पर ट्रेंट बोल्ट हैं, जिन्होंने 32 बार यह कारनामा किया है।
- **भुवनेश्वर ने आईपीएल 2023 के बाद पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लिए-** दिल्ली के खिलाफ भुवनेश्वर ने पावरप्ले में 3 विकेट लिए। उन्होंने आईपीएल 2023 के बाद पावरप्ले में अब तक 32 विकेट लिए हैं। वे इस मामले में ट्रेंट बोल्ट के साथ नंबर एक पर हैं। बोल्ट ने भी 32 विकेट लिए हैं। मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने पावरप्ले में 28-28 विकेट लिए हैं।
- **भुवनेश्वर ने आईपीएल में 25 बार 3+ विकेट लिए-** भुवनेश्वर ने दिल्ली के खिलाफ 3 ओवर में 5 रन देकर 3 विकेट लिए। आईपीएल में उन्होंने 20वीं बार 3 या उससे ज्यादा विकेट लिए। इस लिस्ट में जसप्रीत बुमराह नंबर एक पर हैं, जिन्होंने 25 बार यह स्पेल डाला है। लसिथ मलिंगा ने 19 बार 3+ विकेट लिए हैं और तीसरे नंबर पर हैं।
- **दिल्ली तीसरी बार आईपीएल में 75 या इससे कम रन पर ऑलआउट-** दिल्ली कैपिटल्स 16.3 ओवर में 75 रन पर ऑलआउट हो गई। यह आईपीएल में तीसरी बार है, जब दिल्ली की टीम 75 या उससे कम स्कोर पर ऑलआउट हुई। आरसीबी इस मामले में नंबर-1 पर हैं, जो 4 बार 75 या इससे नीचे ऑल आउट हुई है।
- **कोहली के 9 हजार रन पूरे-** विराट कोहली 9 हजार रन पूरे करने वाले पहले आईपीएल बैटर बने। उनके नाम 9012 रन हो गए हैं। दूसरे स्थान पर रोहित शर्मा हैं, जिनके नाम 7183 रन हैं।
- **बेंगलुरु ने 81 बॉल बाकी रहते मैच जीता-** बेंगलुरु ने दिल्ली के खिलाफ 76 रन का लक्ष्य 81 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। यह आईपीएल में गेंद बाकी रहने के हिसाब से दूसरा सबसे बड़ा रनचेज रहा। इस लिस्ट में पहले स्थान पर मुंबई इंडियंस है, जिसने 87 गेंद रहते चेज किया था, जबकि बेंगलुरु दूसरे स्थान पर है।
- **कोहली के दिल्ली के खिलाफ 1172 रन-** विराट कोहली ने दिल्ली के खिलाफ अपने रन 1172 तक पहुंचा दिए। हालांकि इस लिस्ट में पहला स्थान भी उनके ही नाम है, जहां उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 1174 रन बनाए हैं, जबकि दिल्ली के खिलाफ उनका यह रिकॉर्ड दूसरा सबसे ज्यादा है।
- **बेंगलुरु ने दिल्ली को 21वीं बार हराया-** बेंगलुरु ने दिल्ली को 21वीं बार हरा दिया। एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के नाम हैं, जिसने कोलकाता के खिलाफ 25 जीत दर्ज की हैं, जबकि 21 जीत के साथ कई टीमें दूसरे स्थान पर हैं।
- **साहिल परख डेब्यू मैच में शून्य पर आउट-** साहिल परख का डेब्यू मैच किसी बुरे सपने की तरह रहा। पारी के पहले ओवर में ही भुवनेश्वर कुमार ने उन्हें शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया। ओवर की दूसरी गेंद भुवनेश्वर ने सटीक इनस्विंग यॉर्कर डाली, जिसे पारिख बिल्कुल समझ नहीं पाए और गेंद विकेटों में समा गई।
- **दो बार ओवर में 2 विकेट गिरे-** दिल्ली की पारी के दौरान ऐसा दो बार हुआ, जब एक ही ओवर में दो विकेट गिर गए। हेजलवुड ने दूसरे ओवर में पहली दो गेंद पर 2 विकेट लिए। पहली गेंद हेजलवुड ने शॉर्ट डाली, जिसे राहुल पुल करने गए। गेंद बल्ले का एज लेकर ऊपर खड़ी हो गई और विकेटकीपर जितेश शर्मा ने आसान कैच पकड़ा। अगली गेंद पर ही समीर रिजवी शून्य पर कट बिहाइंड हो गए। तीसरे ओवर में भुवनेश्वर ने भी ट्रिस्टन स्टब्स और अक्षर पटेल को पवेलियन भेजा।

## सूर्यवंशी आईपीए 2026 में सबसे ज्यादा 32 सिक्स लगा चुके



### आज राजस्थान का पंजाब से मुकाबला रॉयल्स के नाम किंग्स के खिलाफ 17 जीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल 2026 में आज पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगे। मुकाबला न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। इस सीजन वैभव सूर्यवंशी अब तक सबसे ज्यादा 32 छक्के लगा चुके हैं। पंजाब किंग्स टेबल टॉपर हैं। टीम ने 7 में से 6 मैच जीते हैं, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स ने 8 में से 5 मुकाबले जीते हैं और 3 में हार झेली है।

- **राजस्थान का पलड़ा भारी-** दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 30 मुकाबले खेले गए हैं। राजस्थान रॉयल्स की टीम मजबूत नजर आती है, जिसने 17 मैचों में जीत दर्ज की है। वहीं पंजाब किंग्स को 12 मुकाबलों में सफलता मिली है, जबकि एक मैच टाई रहा है। दोनों टीमों के बीच न्यू चंडीगढ़ में 2 मैच खेले गए, दोनों पंजाब ने जीते।
- **प्रभसिमरन पंजाब के टॉप स्कोरर-** पंजाब किंग्स के लिए इस सीजन में प्रभसिमरन सिंह और अर्शदीप सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रभसिमरन ने 7 मैचों में 192.61 के तूफानी स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए हैं, जिसमें 3 अर्धशतक शामिल हैं। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 7 मैचों में 7 विकेट झटके हैं।
- **वैभव ने पिछले मैच में शतक लगाया-** राजस्थान रॉयल्स की ओर से वैभव सूर्यवंशी इस सीजन टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने पिछले मैच में हैदराबाद के खिलाफ शतक लगाया था। उन्होंने 8 मैचों में 234.86 के स्ट्राइक रेट से 357 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। बॉलिंग डिपार्टमेंट में जोफ्रा आर्चर कहर बरपा रहे हैं, जिन्होंने 8 मैचों में 13 विकेट लिए हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









आरबीआई ने

# डिजिटल वॉलेट्स के लिए कड़े नियमों का रखा प्रस्ताव




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल वॉलेट और प्रीपेड कार्ड (पीपीआई) के उपयोग को सुरक्षित बनाने के लिए कड़े नियमों का मसौदा जारी किया है। इसमें गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए कम से कम 5 करोड़ रुपये की नेट-वर्थ और एक अलग एस्क्रो खाता अनिवार्य किया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आम लोगों को बड़ी राहत देने और धोखाधड़ी से बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। आजकल हर कोई डिजिटल वॉलेट और प्रीपेड कार्ड का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे में ग्राहकों की सुरक्षा, उनके पैसों की हिफाजत और कामकाज को पारदर्शी बनाने के लिए आरबीआई ने नए और कड़े नियमों का एक मसौदा (ड्राफ्ट) तैयार किया है। इसका मुख्य लक्ष्य डिजिटल लेन-देन को और अधिक सुरक्षित बनाना है।

इस नई योजना के तहत, आरबीआई ने प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) यानी डिजिटल वॉलेट के लिए एक मास्टर निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार, जो बैंक डेबिट कार्ड जारी करते हैं, वे अब 'पेमेंट और सेटलमेंट सिस्टम विभाग' (डीपीएसएस) को सूचना देकर सीधे डिजिटल वॉलेट या प्रीपेड कार्ड जारी कर सकेंगे। इसके अलावा, जो कंपनियां बैंक नहीं हैं, उन्हें भी वॉलेट सेवा शुरू करने के लिए कम से कम 5 करोड़ रुपए की नेट-वर्थ दिखानी होगी और अपने ऑडिटर से इसका प्रमाण पत्र देना होगा। केंद्रीय बैंक ने इस प्रस्ताव पर 22 मई, 2026 तक जनता से सुझाव मांगे हैं।

## अपने पैसे को बेकार मत छोड़ो, काम पर लगाओ

# वरना महंगाई खत्म कर सकती है वैल्यू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आज की दुनिया में बेकार पड़ा कैश एक खोया हुआ अवसर है। महंगाई की वजह से आपकी अलमारी में रखे पैसे की वैल्यू समय के साथ कम होती जाती है। आपको बस यह सुनिश्चित करना है कि आपका पैसा भी उतनी ही मेहनत करे, जितनी आप करते हैं।

देहरादून में रहने वाले मयंक खंडूरी पिछले कुछ दिनों से थोड़े परेशान हैं। दरअसल, तीन साल पहले उन्होंने ऊंची ब्याज दर पर एक बड़ी एफडी कराई थी। पिछले हफ्ते वह एफडी मैच्योर हो गई और मोटा पैसा उनके बचत खाते में आ गया। मयंक को लगा था कि वह दोबारा उसी दर पर एफडी करा लेंगे, लेकिन जब वह बैंक पहुंचे तो पता चला कि ब्याज दरें अब पहले जैसी नहीं रहीं।

मयंक अब इस उलझन में हैं कि इस 'कैश' का क्या करें? बाजार में इतनी उथल-पुथल है, तो वहां डर लग रहा है और बैंक बचत खाते का ब्याज महंगाई के मुकाबले नाकाफी है।

मयंक को चिंता है कि यह पैसा अगर सही जगह नहीं रखा गया, तो महंगाई इसकी वैल्यू को धीरे-धीरे चट कर जाएगी।

**एफडी और सेविंग का हाइब्रिड मॉडल है स्वीप-इन डिपॉजिट-** अगर आपको तकनीकी झंझटों में नहीं पड़ना, तो अपने मौजूदा बैंक खाते में स्वीप-इन सुविधा शुरू कर सकते हैं। इसमें बैंक एक सीमा (जैसे 25,000 रुपये) के ऊपर की रकम को अपने आप एफडी में बदल देता है। जब आपको पैसे की जरूरत होती है, तो बैंक अपने आप उस एफडी को बिना किसी पेनल्टी के तोड़कर आपके खाते में पैसा डाल देता है। यानी सुरक्षा सेविंग अकाउंट वाली और ब्याज एफडी वाला।

**ट्रेजरी बिल...सरकार को दीजिए उधार-** सुरक्षा के मामले में इससे ऊपर कुछ नहीं है। ट्रेजरी बिल भारत सरकार की ओर से जारी किए जाते हैं। ये 91 दिन, 182 दिन और 364 दिन की अवधि के लिए होते हैं। चूंकि इसे रिजर्व बैंक प्रबंधित करता है, इसलिए पैसा डूबने का खतरा शून्य है। अब रिटेल डायरेक्ट पोर्टल के जरिए आम लोग भी सीधे सरकार के इन बिलों में निवेश कर सकते हैं।

**पैसे से पैसा बनाना सीखें-** बाजार के डर को अपनी वित्तीय स्थिति को स्थिर (फ्रीज) न करने दें। लिक्विड या आर्बिट्राज फंड जैसे टूल का उपयोग करने से आपका पैसा आपात स्थिति के लिए तैयार रहता है और फिर भी बढ़ता रहता है। केवल कागज के अपने कैश को ढेर के रूप में सोचना बंद करें। इसे एक ऐसे औजार के रूप में देखें, जिसे अपनी कमाई खुद करनी चाहिए।

\- अंकुश पाहूजा



### बेकार पड़ा कैश समस्या क्यों है?

लोग कैश को अपने पास इसलिए रखते हैं, क्योंकि वे चाहते हैं कि किसी आपात स्थिति में वे इसे तुरंत निकाल सकें। यह बात समझ में आती है। लेकिन इसके बीच का भी एक रास्ता है। आपको जोखिम भरे शेयर बाजार और सुस्त बचत खाते में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं है। आप ऐसी जगह ढूंढ सकते हैं, जहां आपका पैसा सुरक्षित रहे, जरूरत पड़ने पर आसानी से मिल जाए और साथ ही बढ़ता भी रहे।

### सेविंग अकाउंट का स्मार्ट विकल्प हैं लिक्विड फंड्स

अगर आपको पैसे की जरूरत कभी भी पड़ सकती है, तो सेविंग अकाउंट के बजाय लिक्विड फंड्स बेहतर हैं। इसमें रिस्क बहुत कम है और लिक्विडिटी इतनी शानदार है कि 24 घंटे के भीतर पैसा आपके खाते में आ जाता है। यह बैंक सेविंग अकाउंट से आमतौर पर 2-3% ज्यादा रिटर्न देते हैं।

### टैक्स बचाने का ब्रह्मास्त्र आर्बिट्राज फंड्स

जो लोग ऊंचे टैक्स स्लैब (30%) में हैं, उनके लिए एफडी का ब्याज घाटे का सौदा है क्योंकि उस पर पूरा टैक्स लगता है। आर्बिट्राज फंड्स कैश मार्केट और फ्यूचर मार्केट के बीच कीमतों के अंतर से मुनाफा कमाते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा टैक्स स्ट्रक्चर है। इसे इक्विटी की तरह ट्रीट किया जाता है।



### मैनेजिंग पार्टनर कंप्लीट सर्कल

अपनाएं सुरक्षा पहले वाला नियम

अपना कैश कहीं और शिफ्ट करने से पहले खुद से पूछें:

- मुझे इसकी जरूरत कब है? (मैं कितनी जल्दी इसे वापस पा सकता हूं?)
- मेरा टैक्स ब्रैकेट क्या है? (यह आपको आर्बिट्राज या लिक्विड फंड के बीच चयन करने में मदद करता है।)
- क्या यह मेरे बचत खाते से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है? (यदि नहीं, तो इसे क्यों शिफ्ट करें?).

### सलाह

अपने पूरे पैसे को एक ही जगह (जैसे सिर्फ बचत खाता) में छोड़ देना वित्तीय आत्महत्या है। आपको चाहिए कि अपने पैसे को तीन हिस्सों में बांटें

- इमरजेंसी फंड: स्वीप-इन एफडी या लिक्विड फंड में।
- टैक्स प्लानिंग: आर्बिट्राज फंड में।
- अगले साल की जरूरत: ट्रेजरी बिल या मनी मार्केट फंड में।

## सीआईसी ने किया फैसले का समर्थन, सरकार ने रूस से

# कच्चे तेल आयात के आंकड़े देने से किया इनकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने आरटीआई के तहत रूस से कच्चे तेल के आयात का विवरण साझा करने से इनकार कर दिया। केंद्रीय सूचना आयोग ने इस फैसले का स्वागत किया और इसे गोपनीय और संवेदनशील प्रकृति की जानकारी माना। पढ़िए रिपोर्ट-




रूस से आयात होने वाले कच्चे तेल के आंकड़े साझा नहीं किए जा सकते, क्योंकि यह वाणिज्यिक और गोपनीय प्रकृति के हैं। पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने यह जानकारी दी। पीपीएसी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत काम करता है। वहीं, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी इस फैसले का समर्थन किया। आयोग ने कहा कि यह मामला देश के रणनीतिक और आर्थिक हितों से जुड़ा है।

**आरटीआई आवेदन में क्या जानकारी मांगी गई-** सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत एक आवेदन दायर किया गया था। इसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से आयात किए गए कच्चा तेल का ब्योरा मांगा गया था। इसमें भारतीय तेल निगम लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम निगम लिमिटेड (एचपीसीएल), तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) विदेश, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों की अलग-अलग जानकारी भी मांगी गई थी।

**केंद्रीय सूचना आयोग ने क्या कहा-** केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने यह जानकारी देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि देश और कंपनियों की ओर से तेल आयात की अलग-अलग जानकारी वाणिज्यिक और गोपनीय है। इसलिए, 2005 के आरटीआई कानून की धारा 8 (1) (डी) और (ई) के तहत इसे साझा नहीं किया जा सकता। हालांकि, कुल आयात की मात्रा और कीमत पीपीएसी की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। प्रथम अपील प्राधिकरण ने भी इस फैसले को सही ठहराया। हाल ही में हुई सुनवाई में अपीलकर्ता ने कहा कि उसे जानकारी नहीं दी गई और वह समझना चाहता है कि इस क्षेत्र में भारत कैसे काम कर रहा है। आयोग ने अपने अंतरिम फैसले में कहा कि अगर यह जानकारी सार्वजनिक की जाती है, तो इससे देश के रणनीतिक और आर्थिक हितों पर असर पड़ सकता है और दूसरे देशों के साथ संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। यह जानकारी भू-राजनीतिक संबंधों से जुड़ी हुई है।

### जानकारी न देने का फैसला सही: सीआईसी

आयोग ने माना कि आरटीआई कानून की धारा 8(1)(ए) और 8(1)(डी) के तहत जानकारी न देने का फैसला सही है और इसमें कोई और राहत देने की जरूरत नहीं है। आयोग ने पीपीएसी के एक अधिकारी को नोटिस भी जारी किया, क्योंकि वह सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए थे। आयोग ने पूछा कि उनके खिलाफ आरटीआई कानून की धारा 20(1) के तहत जुमार्ना क्यों न लगाया जाए।

आयोग ने यह भी कहा कि विभाग की वेबसाइट पर आरटीआई से जुड़ी जानकारी उपलब्ध नहीं है और निर्देश दिया कि आरटीआई कानून की धारा 4 का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आयोग ने सुझाव दिया कि विभाग अपनी ओर से अधिक जानकारी सार्वजनिक करे। इसमें संगठन की जानकारी, काम और जिम्मेदारियां, अधिकारियों और कर्मचारियों के अधिकार और कर्तव्य, दस्तावेजों की श्रेणियां, अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची, और उनके वेतन की जानकारी शामिल है।

## सोने-चांदी के बाहर भी है ईटीएफ की दुनिया

# विदेशी बाजार में निवेश का मौका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईटीएफ की दुनिया अब केवल सोने-चांदी तक सीमित नहीं है। ईटीएफ यानी एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स अब निवेश की वह मल्टी-कुजीन थाली बन गई है, जहां आपकी पसंद का हर जायका मौजूद है, चाहे फिर वह बैंकिंग हो, आईटी हो, सरकारी बॉन्ड हो या फिर अमेरिकी शेयर बाजार। भारतीय निवेशकों के बीच पैसिव निवेश की समझ बढ़ रही है। यही वजह है कि वित्त वर्ष 2025-26 में ईटीएफ में निवेश पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 94% बढ़ा है। वित्त वर्ष 2025-26 में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में सबसे ज्यादा निवेश आया। गोल्ड ईटीएफ में निवेश लगभग 350% बढ़ा, वहीं चांदी में यह बढ़त 296% रही। इसकी वजह साफ है, ऊंचा रिटर्न। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि केवल सोने और चांदी के ईटीएफ ने ही निवेशकों की झोली भरी है। यहां ऐसे भी ईटीएफ हैं, जिन्होंने पिछले 3 साल में 250 फीसद तक का रिटर्न दिया है।

**CHANGE OF NAME**

I, DEVKISHAN KRIPLANI S/O MOOLCHAND KRIPLANI, Residing at House No. 6, Gali No. 3, Santram Sindhi Colony, UJJAIN (M.P), have changed my name from DEV KISHAN to DEVKISHAN KRIPLANI. I will be known as DEVKISHAN KRIPLANI for all future purposes.

## मुंबई में तरबूज खाने से पति-पत्नी, दो बेटियों की मौतः फूड पॉइजनिंग की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मुंबई के जे.जे. मार्ग इलाके में एक ही परिवार के चार सदस्यों की तरबूज खाने से मौत हो गई। मृतकों में अब्दुल्ला अब्दुल कादर (40), उनकी पत्नी नसरिन (35) और उनकी बेटियां जैनब (13) और आयशा (16) शामिल हैं। पुलिस ने फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक, 25 अप्रैल को परिवार ने अपने घर पर एक गेट-टुगेदर पार्टी रखी थी। इसमें कुछ रिश्तेदार आए थे। परिवार ने मेहमानों के साथ बिरयानी खाई थी। इसके बाद कपल और उनकी दोनों बेटियों ने तरबूज खाया।

इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। सभी को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें जे.जे. अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक के बाद एक चारों परिवार के सदस्यों की मौत हो गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दुल्ला मोबाइल एक्सेसरी की दुकान चलाते थे। शनिवार रात करीब 10:30 बजे अब्दुल्ला के घर पर पांच रिश्तेदार डिनर के लिए इकट्ठा हुए थे। खाने में बिरयानी थी।डिनर के बाद रिश्तेदार अपने घर लौट गए। उस समय तक अब्दुल्ला, उनकी पत्नी या बेटियों को कोई दिक्कत नहीं थी। इसके बाद परिवार ने रात करीब 1 बजे तरबूज खाया। सुबह करीब 5 बजे उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें उल्टी और दस्त होने लगे।

### परिवार ने डॉक्टर को तरबूज खाने की जानकारी दी थी

शुरुआत में एक स्थानीय डॉक्टर ने उनका इलाज किया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें जेजे अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान छोटी बेटी जैनब की सुबह करीब 10:15 बजे मौत हो गई। उसकी मां और बड़ी बहन के बाद पिता की मौत रविवार रात करीब 10:30 बजे हुई। परिवार का इलाज करने वाले डॉ. जियाद कुरैशी ने बताया कि सभी की हालत बहुत खराब थी। डॉक्टर के मुताबिक, परिवार ने खुद ही बताया कि सभी लोगों ने तरबूज खाया था, जिसके कारण उनकी तबीयत खराब हो गई है। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है और पोस्टमार्टम किया गया है।

### केंद्र ने राज्यों से कहा- हीट स्ट्रोक यूनिट खोलें

# यूपी का बांदा दुनिया में सबसे गर्म, पारा 47.6 डिग्री, 6 शहरों में तापमान 46 डिग्री पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। बांदा 47.6 डिग्री तापमान के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। यहां इससे पहले 30 अप्रैल 2022 और 25 अप्रैल 2026 को सबसे ज्यादा 47.4 डिग्री तापमान का रिकॉर्ड था।

राजस्थान के जैसलमेर में 46.6 डिग्रीतापमान दर्ज हुआ। यहां अब तक सबसे ज्यादा तापमान 18 अप्रैल 2025 में 46.3 डिग्री था। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46 डिग्री पहुंच गया, जो पिछले 10 साल के दौरान सबसे ज्यादा है। इससे पहले एक दशक में यहां इतना तापमान दर्ज नहीं हुआ।

जैसलमेर और खजुराहो के अलावा देश के कुल 6 शहरों में पारा 46 डिग्री या उससे पार रहा। इनमें बाड़मेर (46 डिग्री), वर्धा (46.5 डिग्री), अमरावती (46.6 डिग्री) और अकोला (46.3 डिग्री) शामिल हैं। दिल्ली में बसों में ठंडा पानी रखा जाएगा, जबकि बस स्टॉप पर मुफ्त ठंडा पानी और डफ्र मिलेगा।

देश में बढ़ती गर्मी और हीटवेव के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए हैं।


**29 अप्रैलः** मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र में हीटवेव का अलर्ट है। सम और मेघालय में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। उत्तराखंड में ओलावृष्टि, बिजली और तेज हवाओं के साथ गरज-चमक वाले तूफान की आशंका है।

**30 अप्रैलः** ओडिशा के कुछ इलाकों में गर्म और उमस भरा मौसम बना रहेगा। छत्तीसगढ़ और झारखंड में आंधी, ओलावृष्टि की आशंका है।

मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली में बिजली और आंधी की संभावना है। बिहार, राजस्थान, यूपी, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ गरज-चमक हो सकती है।

बांदा का 47.6 डिग्री तापमान अप्रैल महीने के इतिहास में दर्ज देश का सबसे ज्यादा तापमान है। इस साल अप्रैल में अब तक करीब 45 बार देश के अलग-अलग वेदर स्टेशनों पर तापमान 45त्ऌ से ऊपर दर्ज हुआ। यह 2022 के बाद सबसे ज्यादा है। उस साल 56 बार ऐसा हुआ था। मतलब ये कि इस बार अप्रैल का महीना पिछले 4 साल में सबसे गर्म रहा है। हालांकि, मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा।

हीटवेव @ 27 अप्रैल 2026






### क्या करेंगी हीट यूनिट

केंद्र ने राज्यों से जिन हीट स्ट्रोक यूनिट्स को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं, वे अस्पताल के भीतर एक ह्यइमरजेंसी रिस्पॉन्स जोनह्ल की तरह काम करती हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य हीट स्ट्रोक के मरीज को ह्यगोल्डन आवरह्ल में बचाना होता है। हीट स्ट्रोक में शरीर का तापमान 104त्रह्(40त्ऌ) के पार चला जाता है। ये यूनिट मरीज को बर्फ के पानी से नहलाने, कूलिंग कंबल या ठंडी हवा के जरिए तुरंत शरीर का तापमान कम करती हैं। साथ ही इन यूनिट्स में पीड़ित शख्स को नसों के जरिए लिक्विड दिया जाता है। किडनी, लिवर की निरंतर निगरानी की जाती है। ओआरएस और ठंडे पानी की व्यवस्था की जाती है। जैसलमेर में सोमवार को गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। अप्रैल माह का सबसे ज्यादा तापमान का रिकॉर्ड किया गया। पारा 46.4त्ऌ पर पहुंच गया। इससे पहले 18 अप्रैल 2025 को यहां 46.3त्ऌ रहा। हालांकि वेस्टर्न डिस्टबेंस के कारण दोपहर बाद हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर समेत कई शहरों आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे।

### बैंक कर्मचारियों ने कहा था- जिसका खाता उसे लेकर आओ

# ओडिशा में बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा शख्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओडिशा के क्योंझर में सोमवार को हैरान करने वाला मामला सामने आया। आदिवासी जीतू मुंडा अपनी मरी हुई बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। कंकाल देख बैंक में अफरा-तफरी मच गई।

दरअसल, जीतू अपनी बहन कलारा मुंडा के खाते से 20 हजार रुपए निकालना चाहता था, इसके लिए वह कई बार बैंक भी गया। लेकिन कर्मचारियों ने खाता धारक को लाने को कहा। जीतू बैंक में पहले ही कलारा की मौत की जानकारी दे चुका था। फिर भी उसे कोई मदद नहीं मिली, इससे परेशान होकर उसने कब्र से कंकाल निकालकर बैंक में पेश किया।

बहन का कंकाल कंधे पर लेकर जीतू करीब 3 किमी पैदल चला। फिर मल्लिपसी में बने ओडिशा ग्रामीण बैंक ब्रांच के बरामदे में कंकाल को रख दिया। इसे देख वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। पुलिस के अनुसार, जीतू अनपढ़ है और कानूनी प्रक्रिया से अनजान था। प्रशासन ने उसे नियम समझाए और जल्द पैसे दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया।]



### कंकाल देखकर बैंक कर्मचारियों ने पुलिस बुलाई

पटना पुलिस के अनुसार, जीतू पढ़ा-लिखा नहीं है। आदिवासी जनजाति का है और कानूनी प्रक्रिया से पूरी तरह अनजान है। स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक (आईआईसी) किरण प्रसाद साहू ने कहा, ïजीतू को नहीं पता कि कानूनी वारिस या नॉमिनी क्या होता है। बैंक अधिकारी भी उसे मृतक के खाते से पैसे निकालने की प्रक्रिया नहीं समझा पाए। पुलिस ने जीतू मुंडा को आश्वासन दिया कि वे उसकी मृत बहन के बैंक खाते से पैसे निकलवाने में मदद करेंगे। बाद में, पुलिस की मौजूदगी में शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

### आखिर क्यों चाहिए थे जीतू को बहन के खाते में जमा रुपए



डियानाली गांव का रहने वाला जीतू मुंडा जिस महिला का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा, वह उसकी बड़ी बहन कालरा मुंडा थी। कालरा की मौत 26 जनवरी 2026 को हो गई थी। कालरा मुंडा के बैंक खाते में नॉमिनेट पति और बेटे की भी मौत हो चुकी है। इसलिए, उनके नाम पर जमा पैसे का जीतू मुंडा ही एकमात्र दावेदार है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उनके लिए यह राशि बेहद अहम थी और जीवनयापन का सहारा मानी जा रही थी।

## दूसरे चरण का प्रचार खत्म, 142 सीटों पर वोटिंग कलःममता रोड शो में 6 किमी पैदल चलीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। दूसरे चरण की वोटिंग के लिए प्रचार सोमवार शाम को खत्म हो गया। बुधवार को होने वाला मतदान चुनाव की दिशा और सत्ता का रास्ता तय करेगा। ममता बनर्जी ने प्रचार के आखिरी घंटों में दक्षिण कोलकाता में रोड शो किया। सुकांत सेतु से गोपालनगर क्रॉसिंग तक समर्थकों की भीड़ के बीच 6 किमी लंबे रोड शो में ममता पैदल चलीं।

इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बेहाला में एक जनसभा में कहा कि बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद भी केंद्रीय बल कम से कम सात दिन तक तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा, ह्य29 अप्रैल को मतदान करें, गुंडों से डरने की जरूरत नहीं है। चुनाव आयोग ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। भले ही भाजपा सत्ता में आए, केंद्रीय बल यहां सात दिन तक बने रहेंगे। उत्तर 24 परगना के भाटपारा में भाजपा उम्मीदवार के आवास के बाहर गोलीबारी में एक सीआईएसएफ जवान घायल हो गया। मामले में एक पार्षद सहित चार लोग गिरफ्तार हुए हैं। उधर, हावड़ा में एक पोलिंग बूथ के परिसर से आठ क्रूड बम बरामद किए गए।

**तृणमूल पार्षद समेत 1,543 गिरफ्तारः** दूसरे चरण के मतदान को शांतिपूर्ण बनाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस ने राज्य भर में 1,543 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पूर्व बर्धमान के टीएमसी पार्षद नारु गोपाल भक्त भी शामिल हैं, जिन पर भाजपा नेता के घर हमले और डराने-धमकने का आरोप है।

## इजराइल में नेतन्याहू को हटाने एकजुट हुए दो पूर्व प्रधानमंत्री

# अपनी पार्टी का विलय करेंगे, 2021 में बेनेट-लैपिड ने मिलकर बेंजामिन को हराया था



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

इजराइल में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों नफ्ताली बेनेट और येर लैपिड ने मौजूदा पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ एक साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उनका मकसद लंबे समय से सत्ता में रहे नेतन्याहू को हटाना है।

दोनों पहले भी 2021 में साथ आए थे और उन्होंने अलग-अलग विचारधाराओं वाली पार्टियों को जोड़कर 12 साल से चली आ रही नेतन्याहू की सत्ता गिरा दी थी। अब दोनों नेताओं ने फिर से साथ आने और एक नई पार्टी बनाने का फैसला किया है। इस पार्टी का नाम ह्याटुगेदरह्र रखा गया है। इसकी अगुवाई बेनेट करेंगे। वे ही पीएम उम्मीदवार भी होंगे।

इजराइल में अक्टूबर 2027 में चुनाव होने हैं लेकिन माना जा रहा है कि नेतन्याहू इसी साल अक्टूबर में संसद भंग कर चुनाव करा सकते हैं।

2021 में हुए समझौते के तहत पहले बेनेट प्रधानमंत्री बने और बाद में लैपिड को यह जिम्मेदारी संभालनी थी। हालांकि यह सरकार बहुत कम बहुमत पर टिकी थी। इसमें दक्षिणपंथी, वामपंथी, मध्यमार्गी और एक अरब पार्टी शामिल थी। इनकी अलग-अलग विचारधारा वाली इन पार्टियों में सुरक्षा, फिलिस्तीन और बस्तियों जैसे मुद्दों पर सबकी सोच अलग थी, जिससे बार-बार टकराव होता रहा। आखिरकार हालात ऐसे बन गए कि सरकार चलाना मुश्किल हो गया। तब बेनेट और लैपिड ने संसद भंग करने का फैसला किया और नए चुनाव कराए गए।

इसमें नेतन्याहू की जीत हुई और वे फिर से सत्ता में लौट आए। तब से लैपिड विपक्ष के नेता हैं, जबकि बेनेट कुछ समय के लिए राजनीति से दूर हो गए थे। उनकी पार्टी यमीना ने भी चुनाव नहीं लड़ा था।

लैपिड की पार्टी का कहना है कि इस कदम का मकसद विपक्ष को एकजुट करना, आपसी झगड़ों को खत्म करना और आने वाले अहम चुनाव जीतने पर पूरा ध्यान लगाना है।

बेनेट-लैपिड की सोच अलग-अलग बेनेट की छवि एक कट्टरपंथी यहूदी राष्ट्रवादी नेता की रही है। वे लंबे समय से दक्षिणपंथी राजनीति से जुड़े रहे हैं और फिलिस्तीन मुद्दे पर उनका रुख काफी सख्त माना जाता है। वे वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों के समर्थक रहे हैं और फिलिस्तीनी राज्य बनाने के विचार के खिलाफ भी रहे हैं। उनका मानना रहा है कि इजराइल की सुरक्षा सबसे ऊपर है और इस मामले में किसी तरह की ढील नहीं दी जानी चाहिए। इसके उलट, लैपिड को एक धर्मनिरपेक्ष और उदार सोच वाला नेता माना जाता है। उनकी राजनीति ज्यादा व्यावहारिक और संतुलित मानी जाती है। वे शहरी मध्यम वर्ग, प्रोफेशनल लोगों और उदार विचारधारा वाले मतदाताओं में काफी लोकप्रिय हैं।

लैपिड के लिए यह गठबंधन बहुत अहम माना जा रहा है। उनकी पार्टी येश अतीद इस समय विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है और संसद में 24 सीटें हैं, लेकिन हाल के सर्वे बताते हैं कि अगली बार यह घटकर सिर्फ 5 सीटें रह सकती हैं। ऐसे में बेनेट के साथ आने से उनकी स्थिति मजबूत हो सकती है। दूसरी तरफ बेनेट के लिए भी यह गठबंधन जरूरी था। एक्सपर्ट का मानना है कि पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ गादी आइजनकोट के आने से पूरा समीकरण बदल गया है। वे इजराइल की सेना (अज्ञ्र) के पूर्व चीफ रह चुके हैं। सेना से रिटायर होने के बाद 2022 में वे राजनीति में आए और बेनी गैंट्ज की नेशनल यूनिटी पार्टी जुड़े थे, लेकिन अब वे अपनी अलग राजनीतिक पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# इंटरव्यू में पत्रकार पर ट्रम्प भड़के, कहा- मैं रेपिस्ट नहीं, मुझे क्लीन चिट मिल चुकी है;



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक इंटरव्यू के दौरान महिला पत्रकार पर भड़क गए। यह मामला हिल्टन होटल में फायरिंग के आरोपी कोल टॉमस एलन के मैसेज से जुड़ा था। एलन ने हमले से 10 मिनट पहले परिवार को एक मैनिफेस्टो (लिखित बयान) भेजा था। इसमें उसने ह्यपेडोफाइल, रेपिस्ट और गद्दारह्न जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था, लेकिन उसने किसी का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया। इसी मामले को लेकर पत्रकार नोरा ओ'डोनल ने जब ट्रम्प से पूछा कि क्या ये आरोप उन्हीं की तरफ इशारा करते हैं

## इंडोनेशिया की राजधानी के पास ट्रेनों की टक्कर, 5 की मौत 79 घायल; 4 अब भी फंसे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंडोनेशिया

इंडोनेशिया की राजधानी के बाहर सोमवार को एक स्टेशन पर एक ट्रेन दूसरी ट्रेन से टकरा गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त एक डिब्बे में फंस गए। 79 लोगों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में दूसरी ट्रेन में सवार सभी 240 यात्री सुरक्षित हैं।

## इस्लामिक स्टेट के आतंकियों का नाइजीरिया के गांव पर हमला, 29 लोगों की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नाइजीरिया

इस्लामिक स्टेट समूह के आतंकियों ने रविवार रात पूर्वोत्तर नाइजीरिया के एक गांव पर हमला किया, जिसमें कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई। राज्य के गवर्नर के अनुसार, यह हमला रविवार देर रात नाइजीरिया के अदामावा राज्य के गोम्बी स्थानीय सरकारी क्षेत्र में स्थित गुयाकू गांव में हुआ। इस्लामिक स्टेट ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर एक संदेश जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली। अदामावा राज्य के गवर्नर अहमदु उमरू फिंतिरी ने सोमवार को गांव का दौरा करते हुए इस हमले की निंदा की।

# हीरोइन को इम्प्रेस करने के लिए गोली चलाई

## 1981 में भी होटल में अमेरिकी-राष्ट्रपति पर फायरिंग हुई थी, आरोपी हॉलीवुड फिल्म से प्रभावित था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में शनिवार रात सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी मौजूद थे।

यह घटना वॉशिंगटन हिल्टन होटल में हुई। करीब 60 साल पुराना यह होटल अपने एम (ट) आकार के डिजाइन के लिए जाना जाता है। यहां लंबे समय से व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट्स डिनर होता आ रहा है। इसके अलावा फर्स्ट लेडी लंच और नेशनल प्रेयर ब्रेकफास्ट जैसे बड़े कार्यक्रम भी यहीं आयोजित होते हैं। इस होटल का इतिहास भी काफी चर्चित रहा है। करीब 45 साल पहले यहीं तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

यह हमला जॉन डब्ल्यू हिंकली जूनियर ने किया था। उसने एक फिल्म अभिनेत्री को प्रभावित करने के लिए राष्ट्रपति पर 1.7 सेकेंड में छह गोलियां चला दी थीं।




घटना 30 मार्च 1981 की है। रीगन वाशिंगटन डीसी में एक मीटिंग में शामिल होने के बाद अपनी कार की तरफ जा रहे थे। उनके चारों तरफ मीडिया और लोगों की भीड़ थी। अचानक उसी भीड़ से निकलकर एक शख्स ने रीगन पर फायरिंग शुरू कर दी। रीगन पर पांच गोलियां दागी गईं, लेकिन वे हर गोली से बच गए। छठी गोली से भी वे बच ही गए थे, लेकिन वह बुलेटप्रूफ कार के शीशे से टकराकर फिर से रीगन के पास लौटी और उनके सीने में जा धंसी। उस अफरातफरी में रीगन को शुरूआत में पता भी नहीं चला कि उन्हें गोली लगी है। उन्हें तब अहसास हुआ जब खांसते समय उनके मुंह से खून निकलने लगा। वह जमीन पर गिर गए। जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उनकी हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि वे मौत से कुछ ही मिनट दूर थे। हालांकि, डॉक्टरों ने उनके सीने से गोली समय पर निकाल ली, जिससे उनकी जान बच गई। इस घटना में रीगन के 3 सहयोगियों को भी गोली लगी, लेकिन वे भी रीगन की तरह बच गए। गोली चलाने वाले जॉन हिंकली को मौके पर ही पकड़ लिया गया।


गोली चलाने वाला हिंकली लंबे समय से मानसिक समस्याओं से जूझ रहा था। उसे पहचान बनाने और मशहूर होने की सनक थी। 1976 में आई फिल्म ह्यटैक्सी ड्राइवरह्न ने उस पर खूब असर डाला था। इस फिल्म का एक किरदार प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट को मारने की कोशिश करता है। चूंकि उसने एक भ्रष्ट नेता को मारने की कोशिश की थी, लोगों की नजर में एक हीरो बन जाता है। उसने यह फिल्म 18 बार देखी थी। वह फिल्म की अभिनेत्री जूडी फॉस्टर का दीवाना हो गया। वह उसे प्रभावित करना चाहता था। उसने उसे कई चिट्ठियां लिखीं, फोन किए, यहां तक कि उसका पीछा भी किया।

### पहले राष्ट्रपति कार्टर को मारने की कोशिश की

हिंकली ने 1980 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान तत्कालीन प्रेसिडेंट जिमी कार्टर का पीछा किया। इस दौरान वह अलग-अलग रैलियों में उन्हें मारने के मकसद से जाता रहा। टेनेसी के एक कार्यक्रम में वह कार्टर के बिल्कुल करीब पहुंच गया था, लेकिन उसके हाथ में एक बैग देख पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने तलाशी ली तो उसमें 3 हैंडगन रखी हुई थीं। इसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। उस पर गैरकानूनी हथियार रखने का मामला बना, लेकिन यह सीधे ह्यराष्ट्रपति पर हमलाह्न करने का केस नहीं बन पाया, क्योंकि उसने गोली चलाने की कोशिश नहीं की थी। उसे कुछ समय के लिए हिरासत में रखा गया, लेकिन बाद में जमानत मिल गई। जेल से निकलने के बाद अमेरिका में सत्ता बदल चुकी थी। रोनाल्ड रीगन राष्ट्रपति बन चुके थे। उसने रीगन पर ही हमला करने का फैसला किया। हालांकि, उसके पकड़े जाने के बाद वकील ने कोर्ट में अपनी दलीलों से यह साबित कर दिया कि हिंकली मानसिक रूप से ठीक नहीं है और राष्ट्रपति पर हमला करने का दोषी सिर्फ हिंकली नही, वह फिल्म भी है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

### ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 5 | | 5 | | 5 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 2 | | 2 | | 10 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 41 | | 2 | | 16 | = | 39 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | थि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | ई | ड़े | वे | ह | ति | म | श्त |
| अ | दा | आ | ई | र | र | अं | गा | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | द | स | रा | ह | इ | र |
| ब | कम | अ | बु | म | ति | क | र | क | ते | मा |
| द | अ | कि | र | क | दा | क | वि | र्द | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | घु | ज | ला |
| अ | दि | ल | वा | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | ति | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| वां | र | ल | प | ठ | इ | जा | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

डाकू- तुमने मुझे देखा
कलर्क- हां
डाकू ने क्लर्क को गोली मारकर एक आदमी से पूछा- तुमने कुछ देखा...
आदमी- नहीं, पर मेरी पत्नी ने देखा है, साथ में कह रही है पुलिस को भी बताएगी...

0000000000000

एक व्यक्ति दारु पी कर कार चला रहा था कार एक खम्भे से टकरा गई
पुलिस : बाहर निकल
व्यक्ति : माफ कर दो साहब जी
पुलिस : दारू पी के गाड़ी चलाता है,
व्यक्ति : अरे नहीं साहब पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे...

00000000

पप्पू समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था।
संजू- अरे! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?
पप्पू- अरे मैं बीमार हूं न...
इसलिए डॉक्टर ने बहार की चीज खाने से मना किया है।

00000000

सोनू बहुत दुखी था... किसी ने पूछा क्यों टेंशन में हो...
सोनू- यार एक दोस्त को प्लास्टिक सर्जरी के लिए 2 लाख रुपए उधार दिए थे। अब उसे पहचान नहीं पा रहा हूं...।

00000000

पत्नी- शादी से पहले तुम मुझे होटल, सिनेमा और न जाने कहां-कहां घुमाते थे... शादी के बाद नहीं ले जाते...
पति- चुनाव के बाद प्रचार देखा है...

00000

## रंग भरकर चित्र बनाओ




# ईरान जंग में खर्च हुईं चीन के लिए रिजर्व मिसाइलें

# अमेरिका का मिसाइल स्टॉक खत्म होने के करीब; हर दिन 90 अरब खर्च



**ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं। इनमें वो मिसाइलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े देशों से होने वाले संभावित युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं। अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है। इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें (खअरस्ट-एफ) इस्तेमाल कीं। ये खास तौर पर चीन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा टॉमहॉक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें और 1000 से ज्यादा दूसरी स्ट्राइक मिसाइलें भी दागी गईं।**




## मिसाइलों का स्टॉक तेजी से कम हुआ




| कीमत | रेंज |
|---|---|
| ₹8,000-₹22,000 करोड़ | 150-200 किमी |

- एक THAAD सिस्टम में 6 लॉन्चर ट्रक
- हर लॉन्चर में 8 इंटरसेप्टर मिसाइल
- कुल 48 मिसाइल
- AN/TPY-2 शक्तिशाली रडार
- अमेरिका के पास कुल 7 THAAD डिफेंस सिस्टम

### THAAD कहां-कहां तैनात

- अमेरिका
- इजराइल
- दक्षिण कोरिया
- सऊदी अरब
- UAE
- गुआम आइलैंड
- अस्थाई तौर पर कुछ मिडिल ईस्ट देशों में तैनात

### THAAD की खासियत

- बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही नष्ट
- लंबी दूरी का शक्तिशाली रडार
- कुछ सेकंड में रिस्पांस
- हिट-टू-किल तकनीक
- ट्रक-माउंटेड मोबाइल सिस्टम

**युद्ध के दौरान अमेरिका ने जिन हथियारों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया, उनमें लंबी दूरी की मिसाइलें शामिल हैं। ये 600 मील से ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं और दुश्मन की एयर डिफेंस से बचकर हमला करने के लिए बनाई गई हैं। इसके अलावा टॉमहॉक मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ। अमेरिका सालभर में जितनी मिसाइलें खरीदता है, उससे करीब 10 गुना ज्यादा इस युद्ध में खर्च हो गईं। एक स्टडी के मुताबिक, अब अमेरिका के पास करीब 3000 टॉमहॉक मिसाइलें ही बची हैं।**

पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलें भी तेजी से खत्म हुई हैं। एक मिसाइल की कीमत करीब 4 मिलियन डॉलर है। 2025 में अमेरिका ने 600 मिसाइलें बनाई थीं, लेकिन युद्ध में 1200 से ज्यादा इस्तेमाल हो गईं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा प्रिसिजन स्ट्राइक और मिसाइलें भी खर्च हो चुकी हैं। पेंटागन के मुताबिक, कुछ जरूरी हथियार पहले से ही कम थे और अब उनकी कमी और बढ़ गई है।

## व्हाइट हाउस ने हथियार खत्म होने का दावा खारिज किया




व्हाइट हाउस ने हथियार खत्म होने के दावों को गलत बताया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है और उसके पास पर्याप्त हथियार हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने भी किसी खास इलाके या हथियारों के स्टॉक की जानकारी देने से इनकार किया। उन्होंने इसे सुरक्षा से जुड़ा मामला बताया। युद्ध के पहले दो दिनों में ही 5.6 अरब डॉलर के हथियार इस्तेमाल हो गए थे। इसके अलावा कुछ ऑपरेशन में नुकसान भी हुआ। ईरान से पायलट को निकालने के मिशन में दो टउ-130 विमान और तीन हेलीकॉप्टर नष्ट करने पड़े, जिनकी कीमत करीब 275 मिलियन डॉलर बताई गई।



■ वर्ष-12 अंक-174 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 28 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

बहवो गुरवो लोके शिष्य वित्तपहारकाः।
क्वचितु तत्र दृश्यन्ते शिष्यचित्तापहारकाः।।

**भावार्थ** : जगत में अनेक गुरु शिष्य का वित्त हरण करनेवाले होते हैं; परंतु, शिष्य का चित्त हरण करनेवाले गुरु शायद हि दिखाई देते हैं।

एकमप्यक्षरं यस्तु गुरुः शिष्ये निवेदयेत्।
पृथिव्यां नास्ति तद् द्रव्यं यद्दत्वा ह्यनृणी भवेत्।।

**भावार्थ** : गुरु शिष्य को जो एखाद अक्षर भी कहे, तो उसके बदले में पृथ्वी का ऐसा कोई धन नहीं, जो देकर गुरु के ऋण में से मुक्त हो सकें।

## सः अस्रानी इत्यनेन सह कुलम् १२ चलच्चित्रेषु कार्यं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

चलच्चित्रस्य प्रदर्शनात् पूर्वं तस्य विषये स्मरणं कुर्वन् अक्षयकुमारः साझां कृतवान् यत् एषा परियोजना असरानी इत्यस्य पार्श्वे तस्य अन्तिमचलच्चित्रेषु अन्यतमं भवति। सः अस्रानी इत्यनेन सह कुलम् १२ चलच्चित्रेषु कार्यं कृतवान् इति प्रकाशितवान्, प्रत्येकस्मिन् अवसरे च तस्मात् किञ्चित् नूतनं ज्ञातवान्। हास्यस्य स्वामी इति प्रशंसन् अक्षयः अवदत् यत् तस्य कृते भूतबाङ्गला केवलं चलच्चित्रं न, अपितु पोषितस्मृतिः, पौराणिकस्य कलाकारस्य प्रति गहनसम्मानस्य अभिव्यक्तिः च अस्ति प्रियदर्शननिर्देशिते हैरन् इति चलच्चित्रे अपि अस्राणी शीघ्रमेव द्रष्टुं निश्चिता अस्ति। इदानीं भूतबाङ्गला इत्यस्य सफलतायाः कारणात् सिद्धं जातं यत् प्रेक्षकाः अक्षयस्य प्रियदर्शनस्य च हॉरर-हास्य-संयोजनं यथा पूर्वं पोषयन्ति स्म तथा अद्यत्वे अपि पोषयन्ति स्म।

## सम्पादकीयम्

### इरान्-अमेरिका-स्थितौ परिवर्तनम्

इरान्-अमेरिका-स्थितौ परिवर्तनम्: होर्मुज् जलसन्धिस्थे नाकाबंदीः युद्धे द्वितीयं मोर्चाम् उद्घाटयति; उत्तेजकवाक्यानि तनावान् वर्धयितुं शक्नुवन्ति अमेरिका-इरान्-देशयोः प्रत्यक्षसङ्घर्षः निवृत्तः, परन्तु होर्मुज्-जलसन्धिस्थे नाकाबन्दीकारणात् तनावः वर्धितः अस्ति। उभयपक्षः उत्तेजकवक्तव्यं निर्गच्छति, समुद्रीययानयानं च स्थगितम् अस्ति। अमेरिका आर्थिकदबावं करोति तथापि इरान्-देशे तस्य प्रभावः सीमितः एव अस्ति। दीर्घकालं यावत् स्थगितस्य वैश्विक-अर्थव्यवस्थायाः, तैल-आपूर्तिः, सामान्यजनस्य च कृते घोरः प्रतिकूलः भवितुम् अर्हति। एप्रिल-मासस्य ८ दिनाङ्कात् आरभ्य अमेरिका-इरान्-देशयोः मध्ये प्रत्यक्षः संघर्षः नास्ति।अधुना यदा सप्ताहद्वयस्य युद्धविरामस्य अवधिः समाप्तः अभवत् तदा डोनाल्ड ट्रम्पः-अनेकधमकीषु अपि-तस्य विस्तारं कृतवान् एतेन अन्तर्निहिततनावः अस्ति चेदपि उभयपक्षः शान्तिं इच्छति इति सूचितम्। परन्तु इदानीं द्वन्द्वः नूतनं रूपं गृहीतवान्-होर्मुज्-जलसन्धि-स्थले नाकाबन्दी-तथा च ट्रम्प-महोदयस्य नवीनतम-आदेशानां अनुसरणं कृत्वा, स्थापनम् अधिकं गभीरं भवितुम् अर्हति उत्तेजकवक्तव्यं : अमेरिकीराष्ट्रपतिना आदेशः जारीकृतः यत् यदि कोऽपि ईरानी-पोतः होर्मुज्-जलसन्धिस्थः खानिं स्थापयति इति दृश्यते तर्हि तस्य दृष्ट्या एव नाशः करणीयः इति।

## हिमाचलस्य सेबसस्यस्य कृते मौसमः

# आघातं करोति; उत्पादनस्य तीव्रक्षयस्य भयम् अस्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिमला

हिमाचलप्रदेशे सेबस्य उत्पादकाः अस्मिन् वर्षे सेबस्य उत्पादनस्य विषये अतीव चिन्तिताः सन्ति। अस्मिन् ऋतौ राज्ये दृष्टाः अव्यवस्थितमौसमप्रकाराः सेबवृक्षेषु भृशं क्षतिं कृतवन्तः, येन उत्पादनं औसतस्तरात् महत्त्वपूर्णतया न्यूनं भविष्यति इति आशङ्का उत्पन्ना उत्पादकानां मतं यत् एकेन विनाशकारी संयोजनेन-असामान्यतया उष्णशीतकालाः तदनन्तरं मार्चमासस्य अन्ते एप्रिलमासस्य आरम्भे च अत्यन्तं शीतकालाः भवन्ति-सस्यस्य उपरि अपाङ्गं आघातं कृतवान् सेबवृक्षाणां कृते शिशिरऋतौ पर्याप्तं 'शीलिंग-घण्टाः' आवश्यकाः भवन्ति येन एकरूपपुष्पीकरणं, समुचितफलविकासः च सुनिश्चितः भवति; तथापि अस्मिन् वर्षे सामान्यापेक्षया प्रायः १० डिग्री सेल्सियस अधिकं तापमानं एव अभवत्। अस्य असामान्यतया उष्णशीतकालस्य चरणस्य कारणात् वृक्षाः आवश्यकं शीतलीकरणं प्राप्तुं असफलाः अभवन्, यस्य परिणामेण अनियमितपुष्पीकरणं, परागणस्य महत्त्वपूर्णं क्षतिः च अभवत्।

एतस्याः जलवायु-अनिश्चिततायाः कारणेन उद्यानक्षेत्रे भृशः प्रभावः अभवत् इति विशेषज्ञाः अपि सहमताः सन्ति। शिमलानगरस्य कृषिविज्ञानकेन्द्रस्य (कृषिविज्ञानकेन्द्रस्य) प्रमुखा उषाशर्मा इत्यस्य मते ५,००० तः ७,००० पादपर्यन्तं ऊर्ध्वतायां स्थिताः फलवृक्षाः सर्वाधिकं प्रभाविताः अभवन् गतवर्षे अत्यधिकवृष्ट्या अधिकांशेषु फलोद्यानेषु अकालं पत्रप्रक्षेपणं जातम्; अस्य प्रत्यक्षः परिणामः अधुना अस्मिन् ऋतौ न्यून-उच्च-प्रदेशेषु अवलोकिते पुष्पीकरणे न्यूनीकृते दृश्यते। इदानीं मध्यम-उच्च-उच्चस्थानेषु स्थितेषु फलोद्यानेषु मार्च-मासस्य अन्ते एप्रिल-मासस्य आरम्भे च आकस्मिकं तीव्रं च तापमानस्य न्यूनतायाः भारं वहति स्म यदा एतेषु प्रदेशेषु वृक्षाः पूर्णतया प्रफुल्लिताः आसन् तदा एव पारास्तरस्य आकस्मिकं पतनं परागणप्रक्रियायां बाधां जनयति स्म, येन सम्यक फलस्थापनं न भवति स्म परन्तु ८,००० पादतः अधिके ऊर्ध्वतायां स्थितेषु प्रदेशेषु स्थितिः किञ्चित् उत्तमः इति कथ्यते। प्रगतिशील उत्पादकसङ्घस्य अध्यक्षस्य लोकिन्दर बिष्टस्य मते एकतः उष्णशीतकालस्य कारणेन पुष्पाणां गुणवत्तायाः क्षतिः अभवत्, अपरतः रोगानाम् प्रसारः संकटं अधिकं गभीरं कृतवान् विगतकेषु वर्षेषु अल्टरनेरिया, मार्सोनिना इत्यादयः कवकरोगाः।

## सैमसंगस्य कार्यबलस्य्

# मध्ये भेदभावस्य भावनां पोषितवान् अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

एसके हाइनिक्स इत्यनेन अद्यैव स्वकर्मचारिणां बोनसमागधाः स्वीकृताः, क्षतिपूर्तिसुधारार्थं बोनसटोप्स् उत्थापयितुं च पदानि स्वीकृतानि-एतत् कदमः सैमसंगस्य कार्यबलस्य मध्ये भेदभावस्य भावनां पोषितवान् अस्ति। विरोधेषु भागं गृह्णन्तः युवानां व्यावसायिकानां अभियंतानां च बहूनां संख्या सूचयति यत् मस्तिष्कस्य निष्कासनस्य खतरा अपि कम्पनीयाः उपरि वर्तते, यतः कुशलाः अभियंताः उत्तमवेतनसङ्कुलस्य अनुसरणार्थं प्रतिद्वन्द्वीसंस्थानां प्रति गुरुत्वाकर्षणं कुर्वन्ति।

यदि प्रबन्धनस्य संघानां च मध्ये प्रचलति वार्ता असफलता भवति तर्हि १८ दिवसीयस्य व्यापकस्य हड़तालस्य आरम्भस्य विषये चेतावनी जारीकृता अस्ति---जे मे २१ तः जूनमासस्य ७ पर्यन्तं निर्धारितम् अस्ति। उद्योगविशेषज्ञाः सावधानं कृतवन्तः यत् यदि एषा हड़तालः साकारः भवति तर्हि वैश्विक अर्धचालकआपूर्तिश्रृङ्खला भृशं बाधितुं शक्नोति। एआइ-चिप्सस्य पूर्वमेव प्रचलितस्य अभावस्य मध्ये सैमसंग-सदृशे प्रमुखे उत्पादके कार्याणि स्थगितानि चेत् चिप्-मूल्यानां विशालः उदयः भवितुं शक्नोति, येन वैश्विक-विपण्ये प्रतिद्वन्द्वी-कम्पनीनां कृते प्रत्यक्ष-प्रतिस्पर्धात्मक-लाभः सम्भाव्यते परन्तु केचन विशेषज्ञाः अपि मन्यन्ते यत्, कारखानास्वचालनस्य उपठेकेदारानाञ्च साहाय्येन, कम्पनी उत्पादनस्य प्रभावं किञ्चित्पर्यन्तं न्यूनीकर्तुं सफला भवितुम् अर्हति तावत्पर्यन्तं सैमसंगस्य प्रबन्धनेन संघस्य क्रियाकलापानाम् विरुद्धं दृढं वृत्तिः स्वीकृता अस्ति-संभाव्यकानूनीकायार्णां चेतावनी-यदा कर्मचारिणः स्वमागधासु दृढाः सन्ति।

## राशिफल

**मेष** : दिक्कत तब आएगी जब सामने वाले आपकी स्पीड से नहीं चलेंगे। इससे चिड़चिड़ापन आ सकता है।

**वृषभ** : छोटा सा बदलाव भी दिन को अच्छा बना सकता है- जैसे काम का तरीका बदलना या टाइम थोड़ा अलग रखना।

**मिथुन** : जितना संभाल सकते हैं उतना ही लें। नहीं तो दिन के बीच में थकान और तनाव दोनों महसूस होंगे।

**कर्क** : मन थोड़ा भावुक रह सकता है। बेहतर रहेगा कि खुद को थोड़ा समय दें। लोगों में रहने के बजाय थोड़ा शांत माहौल चुनें।

**सिंह** : बीच-बीच में आराम भी लें। परिवार का साथ मिलेगा, जिससे मन थोड़ा हल्का रहेगा।

**कन्या** : बस खुद को ज्यादा थकाएं नहीं। बीच-बीच में आराम भी लें। परिवार का साथ मिलेगा, जिससे मन थोड़ा हल्का रहेगा।

**तुला** : जरूरत से ज्यादा सोचने से बचें। हर चीज को परफेक्ट बनाने की कोशिश में खुद को थका न लें।

**वृश्चिक** : आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा। जो जरूरी है उसी पर ध्यान दें। काम और पैसे दोनों में स्थिरता रहेगी।

**धनु** : जरूरी है कि अपनी बात भी रखें। हर चीज में समझौता करना जरूरी नहीं है। काम सामान्य रहेगा।

**मकर** : आज आप कुछ बातें अंदर ही अंदर रखते रहेंगे। मन भारी हो सकता है। ज्यादा सोचने से बचें।


**कुंभ** : एक काम चुनें और उसे पूरा करें। तभी संतोष मिलेगा। पैसों और काम में दिन ठीक रहेगा।

**मीन** : बेवजह की बातों से दूर रहें। अपने काम पर ध्यान देंगे तो दिन ठीक निकलेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी जरूरी है।

## ज्योतिष/वास्तु

# मई माह में तीन बड़े ग्रहों का महागोचर, 4 राशियों को मिलेगा लाभ

मई 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी समय माना जा रहा है, जिसमें ग्रहों की चाल कई बड़े बदलावों का संकेत दे रही है। इस महीने बुध, मंगल और सूर्य के गोचर से विशेष ऊर्जा और प्रभाव देखने को मिलेंगे। मई 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से एक बेहद महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी समय माना जा रहा है। इस महीने बुध, मंगल और सूर्य के गोचर की चाल में कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इन ग्रहों की स्थिति में बदलाव से न केवल ब्रह्मांडीय ऊर्जा में उतार-चढ़ाव आएगा। इस अवधि में बनने वाले विशेष योग, विशेषकर बुधादित्य राजयोग, को अत्यंत शुभ माना जाता है। यह योग कई लोगों के जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जो करियर में उन्नति,



आर्थिक स्थिरता और सामाजिक मान-सम्मान की तलाश में हैं। मंगल के अपने स्वभाविक स्थान में प्रवेश करने से ऊर्जा, साहस और निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होगी, जबकि सूर्य और बुध की युति से बुद्धि, संवाद क्षमता और नेतृत्व गुणों को मजबूती मिलेगी। वहीं शनि से जुड़े प्रभावों में भी कुछ कमी देखने को मिल सकती है, जिससे लंबे समय से चल रहे तनाव और बाधाओं में राहत मिलने के संकेत हैं। आइए जानते हैं मई माह के ये ग्रह गोचर किन राशियों को लाभ प्रदान करेंगे।

### मई माह के ग्रह गोचर

**बुध ग्रह**: मई 2026 की शुरूआत में 01 मई 2026 को बुध मेष राशि में अस्त हो जाएगा। इसके बाद 15 मई 2026 को बुध वृषभ राशि में प्रवेश करेगा, जिससे संचार, बुद्धि और व्यापारिक मामलों में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा। आगे चलकर 26 मई 2026 को बुध उदय होगा और 29 मई 2026 को मिथुन राशि में गोचर करेगा, जिससे फिर से तेज निर्णय क्षमता और नए अवसरों की स्थिति बनेगी।

**मंगल ग्रह**: 11 मई 2026 को मंगल अपनी ही राशि मेष में प्रवेश करेगा। यह गोचर बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इससे शनि-मंगल की अशुभ युति समाप्त होगी। इसके परिणामस्वरूप ऊर्जा, आत्मविश्वास और कार्यों में तेजी आएगी तथा रुके हुए काम पूरे होने लगेंगे।

**शुक्र ग्रह**: 14 मई 2026 को शुक्र मिथुन राशि में गोचर करेगा, जिसे मित्र राशि में गोचर माना जाता है। इस समय प्रेम संबंधों, रचनात्मक कार्यों और भौतिक सुख-सुविधाओं में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिल सकती है।

**सूर्य ग्रह**: 15 मई 2026 को सूर्य वृषभ राशि में प्रवेश करेगा। सूर्य के इस गोचर से आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। यह समय करियर और पद-प्रतिष्ठा के लिए अनुकूल माना जाएगा।

**मेष राशि-** मई 2026 मेष राशि वालों के लिए काफी सकारात्मक रहने वाला है। सूर्य और बुध के अनुकूल प्रभाव से आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी और कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत होगी। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जबकि व्यापार करने वालों के लिए नए प्रोजेक्ट और अवसर सामने आ सकते हैं। इस समय मेहनत अधिक करनी होगी, लेकिन उसका परिणाम भी उतना ही अच्छा मिलेगा। सरकारी क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है।

**वृषभ राशि -** वृषभ राशि के जातकों के लिए मई का महीना आर्थिक रूप से मजबूत संकेत दे रहा है। मंगल का प्रभाव और सूर्य-बुध का संयोग आपकी आय में वृद्धि कर सकते हैं। नौकरी में वेतन वृद्धि या अतिरिक्त आय के स्रोत बन सकते हैं। परिवार के साथ संबंध बेहतर होंगे और जीवन में सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यह समय वित्तीय स्थिरता और भविष्य की योजनाओं के लिए अनुकूल रहेगा।-

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के लिए यह समय निजी जीवन में राहत लेकर आएगा। लंबे समय से चले आ रहे विवाद समाप्त हो सकते हैं और रिश्तों में फिर से मधुरता लौटेगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, जिससे मानसिक तनाव कम होगा और आप खुद को अधिक संतुलित महसूस करेंगे। यह समय भावनात्मक रूप से स्थिरता देने वाला रहेगा।

## खबर एक नजर...

### जिलाबदर बदमाश पकड़ाया, रासुका में भेजा जेल

उज्जैन। अपराधिक गतिविधियों में लगातार शामिल रहने वाले बदमाश मयूर पिता शरद व्यास 35 साल निवासी अभिलाषा कालोनी को नीलगंगा थाना पुलिस ने फरवरी माह में 6 माह के लिये जिलाधीश के आदेश पर जिले के साथ राजस्व सीमा से जिलाबदर कर दिया था। रविवार-सोमवार रात पुलिस गश्त के दौरान जिलाबदर बदमाश छुमछुम बाबा की दरगाह के पास घूमता दिखाई दिया। प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि आदेश का उल्लंघन कर शहरी सीमा में घूम रहे जिलाबदर बदमाश को घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा कानून की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### स्पीड ब्रेकर से उलझी लोडिंग पिकअप, चार घायल




उज्जैन। झारड़ा के पास ग्राम ठिकरिया में रहने वाला परिवार पुत्र का रिश्ता तय होने पर टिका करने समीप के ग्राम रावणखेड़ी गया था। सोमवार शाम परिवार के 7-8 सदस्य लोडिंग पिकअप में सवार होकर वापस लौट रहे थे। झारड़ा के पास अचानक स्पीड ब्रेकर आने पर पिकअप उलझ गई। पीछे डाला खुलने पर परिवार में शामिल शेरू पिता मानसिंह बोडाना, विकास पिता उदयसिंह, रेखा पति ईश्वर और एक अन्य गिर गये। शेरू, रेखा और विकास को गंभीर चोंट आने पर उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। शेरू और विकास का भर्ती किया गया है। रेखाबाई को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया है। एक घायल का उपचार झारड़ा अस्पताल में चल रहा है।

### बाइक सवार वृद्ध दंपती को ट्रेक्टर चालक ने कुचला

उज्जैन। भाटपचलाना थाना क्षेत्र में देवरुंडी मार्ग खरसौदकला में देर शाम बाइक सवार वृद्ध दंपती मूलचंद पिता शंकरलाल परमार 65 साल और उनकी पत्नी कलाबाई परमार 60 साल निवासी ग्राम सलवा को तेजगति से दौड़ते ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 13 झेड एक्स 9146 के चालक ने कुचल दिया। गंभीर घायल वृद्ध घायल दंपती को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर भाटपचलाना पुलिस ने अस्पताल पहुंच घायल पति-पत्नी के बयान दर्ज कर ट्रेक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया। चालक दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था।

### साईड देने की बात पर 2 वाहन चालकों में विवाद

उज्जैन। तराना थाना क्षेत्र के तलाब की पाल के पास राज पिता किशोर परमार निवासी मालीपुरा तराना ट्रेक्टर लेकर गुजर रहा था। वहीं निगम कालोनी तराना में रहने वाला नितिन पिता रामचंद्र पाटीदार कार लेकर आ गया। दोनों के बीच पहले साईड देने की बात पर विवाद हो गया। कार में सवार नितिन ने ट्रेक्टर चालक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। ट्रेक्टर चालक राज ने अपने साथियों को बुला लिया और नितिन के साथ मारपीट की। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 179-7 | 135-9 |
| मेन बाजार | 388-9 | - |
| मिलन डे | 359-1 | 569-0 |
| मिलन नाइट | 448-6 | 119-1 |

3 9 0

### 2 माह की जांच में उजागर हुई दंपती की करतूत

# रिश्ता कराने के नाम 410 लोगों को लगाया चूना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



रिश्ता कराने के नाम पर हजारों की धोखाधड़ी करने वाले दंपति के खिलाफ 2 माह से जारी जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। दंपति ने 410 लोगों से रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर हजारों रुपए जमा कराये थे, लेकिन रिश्ता नहीं कराया था, ना ही जमा कराई राशि वापस लौटाई थी।

माधवनगर थाना क्षेत्र के मिनी चौपाटी पर श्री शुभारंभ नाम से संस्था खोल गोपाल उमठ और उसकी पत्नी शबाना उर्फ सानवी ने रिश्ता तय कराने का काम शुरू किया था। उन्होंने अपनी संस्था के पम्पलेट प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों में वितरित कराये थे। 25 फरवरी को ग्राम सतबड़ा तहसील जावर जिला सिहोर के रहने वाले विष्णुदास पिता चरणदास बैरागी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उसने पर्चा मिलने पर श्री शुभारंभ संस्था से संपर्क किया था। संस्था के ऑफिस आने पर उससे रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 16 हजार रुपए जमा कराये गये और 12 रिश्ते दिखाने की बात कहीं। सालभर गुजर जाने के बाद भी रिश्ता नहीं कराया, ना ही रुपए वापस किये जा रहे है। पुलिस ने श्री शुभारंभ संस्था पर दबिश मारी। इस दौरान पता चला कि रिश्ता कराने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। पुलिस ने संस्था के ऑफिस से दस्तावेज जप्त किये और गोपाल के साथ उसकी पत्नी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। गोपाल उमठ की गिरफ्तारी कर ली गई थी। जबकि उसकी फरार पत्नी ने अग्रिम जमानत प्राप्त कर ली। इस दौरान मामले की जांच जारी थी। एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि मामला उजागर होने के बाद रिश्ता कराने के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार लोगों ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराना शुरू कर दिया। 2 माह में 410 लोग सामने आ चुके है। जिनके अनुसार किसी से 11 हजार, कुछ से 21 हजार और कुछ लोगों से 16 हजार रुपए लिये गये। लेकिन किसी का भी रिश्ता नहीं कराया गया। जांच के दौरान पता चला है कि आफिस में कुछ युवतियां भी काम करती थी, जिनके बयान दर्ज किये है। फिलहाल जांच जारी है, गोपाल उमठ और उसकी पत्नी के साथ काम करने वालों की धोखाधड़ी में संलिप्ता पाई गई तो उन्हे भी आरोपी बनाया जायेगा।

#### लड़की दिखाते थे, बाद में कर देते थे मना

एसआई सालगराम चौहान के अनुसार रिश्ता तय कराने के नाम पर गोपाल उमठ और उसकी पत्नी द्वारा 12 रिश्ते दिखाने की बात कहीं जाती थी। एक-दो दिन बाद लड़की दिखाई जाती थी, जिसके साथ उसकी मां भी शामिल होती थी। लड़के द्वारा लडकी को पसंद किया जाता था तो उससे कहा जाता था कि लड़की और उसके परिजन तुम्हारे घर आयेगें। लेकिन कुछ दिन बाद लड़के और उसके परिवार को बताया जाता था कि लड़की ने शादी करने से मना कर दिया है। उसके बाद महिनों तक उसे दूसरा रिश्ता दिखाने का झांसा दिया जाता था। कुछ परिवार को 3-4 लड़कियां दिखाई जाती थी लेकिन उन्हे भी बाद में लड़की या उसके परिवार द्वारा लड़का पसंद नहीं आने की बात पर रिश्ता नहीं कराया जाता था।

#### लड़कियों को दिये जाते थे 200 रुपए रोज

पुलिस जांच में पता चला कि रिश्ता कराने के नाम पर जिन लड़कियों को दिखाया जाता था और उनके साथ माता-पिता दिखाई जाते थे। उन्हे 200-200 रुपए रोज दिये जाते थे। लड़की दिखाने के दौरान उन्हे चुप रहने को कहा जाता था। पुलिस ने ऐसी कुछ लड़कियों के बयान भी जांच के दौरान दर्ज किये है। यहीं नहीं संस्था द्वारा उज्जैन के लोगों का रिश्ता नहीं कराया जाता था। वह दूसरे राज्यों और जिलों से आने वालों को अपने जाल में फंसाते थे। उन्हे रिश्ता नहीं होने पर 25 प्रतिशत राशि वापस करने की बात कहीं जाती थी और आकाउंट नम्बर लिया जाता था, लेकिन आकाउंट में राशि नहीं भेजी जाती थी।

## हिरासत में आये आगजनी में शामिल 2 नाबालिग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात मकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाने और हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों में शामिल 2 नाबालिग सोमवार को पुलिस की हिरासत में आ गये। दोनों को न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाले बदमाश रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात पांच बाइक पर सवार होकर आये एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। बदमाशों ने क्षेत्र में हवाई फायर भी किया था। आगजनी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया था। वही रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर की शिकायत पर आगजनी का प्रकरण दर्ज किया था। वीडियो फुटेज के आधार पर 13 बदमाशों को चिन्हित किया गया था। आगजनी में शामिल 2 नाबालिग सोमवार को पुलिस हिरासत में आ गये। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि दोनों नाबालिग बापूनगर और बजरंग नगर के रहने वाले है। जिन्हे दोपहर में कोर्ट पेश किया गया था। जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है। विदित हो कि 3 दिन पहले पुलिस ने मामले से जुड़े किशोर पटेल निवासी चिंतामण और कुख्यात बदमाश छिंगू बुंदेला के रिश्तेदार रितेश उर्फ राजा शर्मा को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से देशी कट्टा और 2 जिंदा कारतूत बरामद किये गये थे। इससे पहले 14 अप्रैल को संतोष परमार पुलिस की गिरफ्त में आ गया था। अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। 8 अब भी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। सभी बदमाश बुंदेला गैंग से जुड़े होना सामने आये है। जिनकी बदमाश रौनक गुर्जर के साथ सालों पुरानी रंजीश चली आ रही है।

## लापता मासूम बालिका को 25 मिनट में तलाशा



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

लापता हुई मासूम बालिका के लापता होने की खबर पुलिस को मिली तो खोजबीन शुरू की गई। 25 मिनट की तलाश के बाद बालिका को खोज लिया गया। बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों की आंखों से खुशी के आंसू फूट पड़े।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि नागझिरी स्थित क्षिप्रा विहार में रहने वाला विरेन्द्र सेन अपनी पत्नी के साथ फ्रीगंज शॉपिंग के लिये आया था। उसके साथ साडू की 3 वर्षीय बेटी भी थी। शॉपिंग के दौरान अचानक मासूम बालिका लापता हो गई। बालिका के नहीं मिलने पर खबर फैली की कोई उठाकर ले गया है। मामले की खबर मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये और लोगों से पूछताछ शुरू की गई। करीब 25 मिनट बाद बालिका कुछ दूरी पर वी मार्ट शोरूम से सकुशल मिल गई। बालिका परिजनों के खरीददारी करते समय टहलते हुए पास के शोरूम में चली गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार विरेन्द्र मूलरूप से सतना का रहने वाला है। उज्जैन एयरटेल में जॉब होने पर क्षिप्रा विहार कालोनी में निवास कर रहा है। बालिका के सकुशल मिलने पर उनकी आंखों से खुशी के आंसू निकल आये थे। उन्होंने पुलिस की तत्परता का आभार माना।

# मिशन कम्पाउंड में बदमाशों ने फोड़े कार के कांच

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



रात 1.57 बजे पर कैमरे में कैद हुआ घटनाक्रम



घरों के बाहर खड़े वाहनो के कांच फोड़ने का मामला एक बार फिर सामने आया है। इस बार बदमाशों ने मिशन कम्पाउंड में खड़ी कार के कांच फोड़े। कैमरे में 2 बदमाश दिखाई दिये है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के मिशन कम्पाउंड में रहने वाले संदीप कुमार मीणा फार्मा कंपनी में सुपरवाइजर है। रात में उन्होंने अपनी कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 6504 घर के बाहर कम्पाउंड में खड़ी की थी। सोमवार सुबह जब वह कंपनी जाने के लिये कार के पास पहुंचे तो आगे और पीछे दोनों साईड के कांच फूटे हुये थे। रात में अज्ञात बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। इस दौरान कम्पाउंड में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें रात 1 बजकर 57 मिनट पर 2 बदमाश आते दिखाई दिये। जिन्होने अपनी बाइक कुछ दूर खड़ी की और कार के पास आये। दोनों ने पत्थरों से कार के कांच पर वार किये और भाग निकले। फुटेज समाने आने के बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की है। कार के कांच फोड़ने का यह पहला मामला नही है। पूर्व में कई थाना क्षेत्रों में घरों के बाहर खड़े वाहनों के कांच फोड़ने के मामले सामने आ चुके है। कुछ वारदातों में नाबालिग होना सामने आये है। जिनके हिरासत में आने पर उनके परिजनों द्वारा नुकसान की भरवाई कर पुलिस और वाहन मालिकों से अपने बच्चों की करतूत पर क्षमा मांगी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com